CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्षः 14, अंकः 66 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, शनिवार 24 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



# उत्तर प्रदेश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए दोगुनी करनी होगी कृषि विकास दर : योगी आदित्यनाथ

## देश की आबादी का 16 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है तो 11 प्रतिशत कृषि भूमि है

संवाददाता

**लखनऊ।** हमें उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाना है तो हमें कृषि विकास की दर को वर्तमान दर से दोगुना करना होगा। उत्तर प्रदेश में इसकी क्षमता है। देश की आबादी का 16 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है तो 11 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह देश में सबसे उर्वरा भूमि है। सबसे अच्छा जल संसाधन भी हमारे पास है। पूरे देश के कुल खाद्यान्न का 20 फीसदी उत्तर प्रदेश से आता है। अगर हम अपने संसाधनों का सही नियोजन कर लें तो हम इसे और आगे बढ़ा सकते हैं। इसमें कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भूमिका अहम होगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किसान सम्मान दिवस के अवसर पर एफपीओ के उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं कृषकों, कृषि उद्यमियों व कृषि वैज्ञानिकों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करते हुए कहीं। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब जानते हैं कि आजादी के तत्काल बाद चौधरी साहब ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि भारत को दुनिया की एक ताकत के रूप में उभरना है तो देश के अंदर खेती और किसानी पर ध्यान देना होगा। भारत के विकास का मार्ग खेत और खलिहान से निकलेगा। उनके इस दूरदर्शी दृष्टि आजाद भारत के किसानों और किसान परिवारों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में है। चौधरी जी के सपनों को साकार करने के लिए और अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने के लिए, उनकी आमदनी को दोगुना करने के लिए 2014 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने कई कार्यक्रम प्रारंभ किए। जो धरती माता हम सबको पेट भरने और स्वावलंबन व सम्मान का आधार बनती है उस धरती माता की सेहत की रक्षा के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था प्रारंभ की। पहली बार फसल किसान बीमा योजना की शुरुआत हुई। योजनाओं की शुरुआत के साथ उनका सही तरह से क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया गया। उत्तर प्रदेश में किसानों के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विगत साढ़े 5 वर्ष में हमने कई कार्यक्रम प्रारंभ किए। सबसे पहले मार्च 2017 में 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए कर्ज माफी के कार्यक्रम को अपने हाथों में लिया। लगभग 22 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई। पीएम किसान सम्मान निधि हो या लागत का डेढ़ गुना एमएसपी लागू करने का कार्य हो, ये सभी प्रभावी ढंग से लागू हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर 2.60 करोड़ किसानों के खाते में अब तक 51 हजार करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। प्रदेश के अंदर धान, बीज, दलहन, तिलहन इन सभी क्षेत्रों में रिकॉर्ड मात्रा में बिना किसी बिचौलिए के उनके उत्पाद का क्रय किया गया। वहीं उन्हें एमएसपी डीबीटी के माध्यम से उनके अकाउंट में देने का काम किया गया। कोरोना महामारी के दौरान भी चीनी मिलों को बंद नहीं होने दिया गया। पिछली सरकारों में तमाम चीनी मिलों को बेचा गया था, लेकिन इस सरकार में चीनी मिलें बेची नहीं गई, बल्कि नई चीनी मिलें लगाई गई हैं। जो चीनी मिलें जर्जर अवस्था में थीं वहां नई मिलों की स्थापना कराई गई। कई चीनी मिलों का विस्तार किया गया। प्रदेश में प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के अन्नदाता किसानों को नेशनल नेचुरल फार्मिंग के रूप में खेती का एक नया कांसेप्ट दिया है। प्राकृतिक खेती का अनुभव काफी कुछ सिखाता है।

- किसान सम्मान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की
- भारत को दुनिया की एक ताकत के रूप में उभरना है
- भारत के विकास का मार्ग खेत और खलिहान से निकलेगा



# अखिलेश यादव बोले- मैनपुरी के आगे गुजरात मॉडल फेल

## 2024 में करेंगे भाजपा की विदाई

संवाददाता

**इटावा ।** इटावा जिले में चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हैवरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि मैनपुरी के आगे गुजरात मॉडल भी फेल हो गया है। अब चाचा साथ आ गए हैं। अब हम लोग 2024 और 2027 भी जीतेंगे। वहीं, कार्यकर्ताओं की आभार सभा में सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा के लोग न जाने क्या-क्या सपने देखते थे। वे कहते थे कि आजमगढ़ हरा दिया है, अब मैनपुरी को भी हरा देंगे। हमारे मुख्यमंत्री बगल में करहल गए थे। वो तो अच्छा हुआ जसवंतनगर नहीं आए। क्योंकि हमारे मुख्यमंत्री यह जानते नहीं कि जसवंतनगर और मैनपुरी के लोग स्प्रिंग की तरह हैं, जितना दबाओगे उतना उछलेंगे।



मैनपुरी उपचुनाव में सभी विधानसभाओं में जीत मिली। भोगांव में उम्मीद नहीं थी, लेकिन भोगांव के लोगों ने कमाल करके दिखा दिया। किशनी में सोचता था, यहां बराबर होंगे, लेकिन किशनी भी आगे चली गई। मैनपुरी सदर सोच रहे थे नहीं जीतेंगे, लेकिन वहां पर भी जीते। मुझे पता था कि जसवंतनगर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ सकता है। यह जीत कोई छोटी जीत नहीं है। जो लोग राजनीति को समझते हैं, वह जानते हैं कि मैनपुरी की जीत ने नई ऊर्जा समाजवादियों को दी है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई कराएंगे। साथ ही 2027 भी जीतेंगे। अखिलेश यादव ने इससे पहले चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कहा कि चौधरी साहब ने जो रास्ता दिखाया है, उसी पर चलने से किसानों और गरीबों की भलाई है। चौधरी साहब ने एक बार कहा था किसान को अपनी एक नजर हल पर और दूसरी लोकसभा पर रखनी चाहिए। हमें देखना चाहिए कि संसद किसानों के लिए फैसले ले रही है या नहीं। अखिलेश ने कहा कि महिलाओं ने इस बार इतिहास रचा है। अभी तक कोई महिला मैनपुरी से सांसद नहीं बनी थी। ये रिकॉर्ड मैनपुरी में दर्ज हुआ है। हम क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। अखिलेश ने कहा कि सरकार का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है।

# सिक्किम में बड़ा सड़क हादसा, सेना का ट्रक खाई में गिरा, 16 जवान शहीद

एजेंसी

**गंगटोक।** सिक्किम में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेना के 16 जवान शहीद हो गए है। सेना के अधिकारी के मुताबिक घटना जेमा, उत्तरी सिक्किम में हुई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था।



पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के मुताबिक, जेमा के रास्ते में वाहन एक तीखे मोड़ पर एक खड़ी ढलान पर फिसल गया। एक बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया और चार घायल सैनिकों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। इसमें दुर्भाग्य से तीन जूनियर कमीशंड अधिकारियों और 13 सैनिकों ने दुर्घटना में लगी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। इस दुख की घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के वीर जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया। पीएम ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि उत्तरी सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के जवानों की जान जाने का गहरा दुख है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# सीमा विवाद पर कर्नाटक से 10 गुना ज्यादा प्रभावी प्रस्ताव लाएंगे

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनकी सरकार अगले हफ्ते सीमा विवाद पर ऐसा प्रस्ताव लाएगी, जो कर्नाटक के प्रस्ताव से कहीं ज्यादा प्रभावी होगा। महाराष्ट्र के आबकारी मंत्री देसाई ने कहा कि प्रस्ताव को राज्य विधानसभा में सोमवार को पास करा लिया जाएगा। गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा ने गुरुवार को ही महाराष्ट्र के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया था। इसमें कहा गया था कि कर्नाटक के हितों की रक्षा की जाएगी और पड़ोसियों को एक भी इंच जमीन नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई की तरफ से बढ़ाए गए इस प्रस्ताव में महाराष्ट्र की तरफ से बेलगावी को लेकर बार-बार पैदा किए जा रहे विवाद की भी आलोचना की गई।

- कर्नाटक के हितों की रक्षा की जाएगी और पड़ोसियों को एक भी इंच जमीन नहीं दी जाएगी



इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कराया गया था। नागपुर में रिपोर्टर्स से बातचीत के दौरान देसाई ने कहा कि मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात में बासवराज बोम्मई ने जो फैसला हुआ, उसका सम्मान नहीं किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दोनों ही इस मामले को बातचीत से सुलझाना चाहते थे। देसाई ने कहा, ÷प्रस्ताव पास होने के बाद हम केंद्रीय गृह मंत्री से महाराष्ट्र के नेताओं को कर्नाटक में न जाने देने की अनुमति को लेकर शिकायत करेंगे।

# केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी अप्रासंगिक हो चुकी है और भारत जोड़ो यात्रा उनके अस्तित्व को बचाने के लिए सिर्फ एक कोशिश है। उन्होंने कांग्रेस और भारत जोड़ो यात्रा की आवश्यकता पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी को नहीं दिख रहा की भारत टूट रहा है। पूरा देश हर तरफ से एक है और इसकी शक्ति बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता इस बात को हजम नहीं कर पा रहे कि नए भारत का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी दलों की सहमति से शीतकालीन सत्र समय से पहले स्थगितः जोशी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में 97 प्रतिशत तथा राज्यसभा में 103 प्रतिशत कामकाज हुआ और दोनों सदनों में नौ विधेयक पारित किये गये। संसदीय कार्य मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शीतकालीन सत्र को आम सहमति के आधार पर ही निर्धारित समय से पहले स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि गत 7 दिसम्बर से शुरू हुआ यह सत्र 29 दिसम्बर तक 17 बैठकों के लिए निर्धारित किया गया था परंतु आवश्यक सरकारी कार्य पूरा हो जाने और संसद के दोनों की कार्य मंत्रणा समितियों की सिफारिश पर समय से पहले ही आज समाप्त कर दिया गया।

### केन्द्र सरकार शत प्रतिशत नागरिकों को दिलाएगी स्वास्थ्य कवरः सिंधिया

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में शत प्रतिशत नागरिकों को किफायती एवं उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और बीते आठ वर्षों में इस दिशा में सरकार तेज़ गति से अग्रसर है। सिंधिया ने शुक्रवार सुबह अपने मंत्रालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल का लेखा जोखा साझा किया और कोविड की नयी लहर की आशंका को लेकर आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री ने उच्च स्तर पर इसकी तैयारियों की समीक्षा की है। राज्यों के मंत्रियों के साथ आज बैठक बुलायी गयी है। केन्द्र सरकार हर स्थिति का सामना करने के लिए पूर्णतः तैयार है। देश में स्वास्थ्य परिदृश्य की चर्चा करते हुए सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 'स्वस्थ भारत शिक्षित भारत' अभियान के आधार पर भारत को विश्व पटल पर एक जाज्वल्यमान नक्षत्र के रूप में स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

### चीन में बढ़ते संक्रमण से बढ़ी भारत की चिंता

**चीन।** अमेरिका, दक्षिण कोरिया समेत कई देशों में कोरोना केसों के बढ़ने के साथ अब भारत में भी संक्रमण को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। लेकिन इसी बीच निर्यातकों को चीन भेजी जाने वाली खेप में आगे और कमी आने की चिंता सताने लगी है, क्योंकि पड़ोसी देश में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर चीन में व्यापक स्तर पर लॉकडाउन होता है, तो भारत के निर्यात के साथ ही आयात पर भी व्यापक देखने को मिलेगा। व्यापार संगठनों के मुताबिक जोखिम वाले क्षेत्रों में फार्मास्यूटिकल्स, वाहनों के कलपुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक सामान और उसके पार्ट्स शामिल हैं। दरअसल, इस वित्त वर्ष के शुरुआती सात माह में चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है।

## बैठक के दौरान श्री मांडविया ने केंद्र और राज्यों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखने की सलाह दी

# कोविड पर मांडविया ने की राज्यों के साथ बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने विश्व स्तर पर कोविड संक्रमण बढ़ने के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की शुक्रवार एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान श्री मांडविया ने केंद्र और राज्यों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस समय सहयोगात्मक भावना से काम करने की जरूरत है। समीक्षा बैठक में राज्यों के प्रमुख सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव और सूचना आयुक्त भी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल ने भी भाग लिया।

- समय सहयोगात्मक भावना से काम करने की जरूरत है
- समीक्षा बैठक में राज्यों के प्रमुख सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव और सूचना आयुक्त भी मौजूद थे



पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी, , त्रिपुरा के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री डॉ माणिक साहा, जम्मू और कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, असम के स्वास्थ्य मंत्री केशब महंत, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ के सुधाकर, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी, पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री एस चेतन सिंह जौरामाजरा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, मणिपुर के स्वास्थ्य मंत्री सपम रंजन सिंह, हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री थिरु मा सुब्रमण्यन,आंध्रप्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री विदादला रजनी और केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने समीक्षा बैठक में भाग लिया।

मांडविया ने कहा कि कोविड के नये संस्करणों के बावजूद, कोविड के लिए टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कोविड प्रबंधन के लिए जांची-परखी रणनीति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय करने में मदद मिलेगी। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से परीक्षण बढ़ाने की सलाह दी गयी। उन्होंने कहा कि सभी पात्र आबादी, विशेष रूप से बुजुर्गों और कमजोर जनसंख्या समूह के टीकाकरण में तेजी लायी जाए।

समीक्षा बैठक में आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए उन्होंने कोविड मानको के पालन के संबंध में जन जागरूकता अभियानों के महत्व पर जोर दिया।

### सीएम केजरीवाल बोले- नए वेरिएंट से निपटने के लिए पूरी तैयारी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे कोरोना के मामलों के बीच दिल्ली सरकार ने नए वेरिएंट बीएफ.7 से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मुख्य सचिव सहित दिल्ली सरकार के विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें उन्होंने दिल्ली में उपलब्ध चिकित्सा संसाधन व सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही, आवश्यक संसाधनों को खरीदने व कर्मचारी बढ़ाने सहित अन्य जरूरतों को पूरा करने के निर्देश दिए।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लॉक प्रमुख ने निर्माणाधीन विद्यालय भवन का लिया जायजा

**प्रतापगढ़।** लालगंज में विकासखंड के सराय जानमती में निर्माणाधीन उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख ने पहुंचकर जायजा लिया। पठन पाठन की हकीकत जानी। लालगंज के ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह ने निर्माणाधीन भवन में गुणवत्ता की अनदेखी की शिकायत पर शुक्रवार को अचानक निर्माण स्थल पर पहुंच गये। ब्लॉक प्रमुख ने विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की बारीकी से देखा। मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह ने साफकहा कि विद्यालय भवन के निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए और किसी प्रकार की लापरवाही ने बरती जाये। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि मामला नौनिहालों के भविष्य से जुडा हुआ है इसलिए निर्माण कार्य को पूरी पारदर्शिता से कराना होगा। ब्लॉक प्रमुख ने कार्यदायी संस्था को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में खामियां मिली तो अफसरों को पत्र लिखकर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ब्लाक प्रमुख ने कम्पोजिट विद्यालय में पहुंचकर नौनिहालों से मुलाकात की और शैक्षणिक गुणवत्ता को खंगाला। उन्होंने शिक्षकों से नौनिहालों के बेहतर भविष्य के लिए पठन-पाठन में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आहवान किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका आशा देवी, शिक्षक संजीव द्विवेदी, उधम सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, प्रदीप सिंह, विमलेश बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान पर मनमानी करने का आरोप,भूमिधरी जमीन पर जबरन रास्ता बनवाने में जुटे प्रधान

**प्रतापगढ़।** लेखपाल के सीमांकन करने के बावजूद किसान की खाते की जमीन पर प्रधान जबरन चकरोड बनवा रहे हैं। शुक्रवार को किसान की खेती की गई जमीन पर प्रधान और उसके दर्जनभर लेबर के द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है। मामले की शिकायत एसडीएम लालगंज व कोतवाली लालगंज में भूमिधरी पर प्रधान की ओर से जबरन चकरोड बनवाने की शिकायत की है। मामला ग्रामसभा जमालपुर के राजा का पुरवा निवासी झरी पुत्र झुरई ने अधिकारियों से शिकायत की है कि उसकी भूमिधरी की जमीन पर प्रधान द्वारा जबरन कब्जा करते हुए चकरोड बनवाया जा रहा है। उसने बताया कि गांव में गाटा संख्या 668द्1.330 हे. में उसकी भूमि है। जानकारी होने पर जब उसने प्रधान को रोका तो उन्होंने कहा कि वह प्रधान है जो चाहेंगे करेंगे। शिकायतकर्ता ने मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम लालगंज व कोतवाल लालगंज से चकरोड का कार्य रुकवाने एवं दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। प्रधान का कहना है कि लेखपाल से जानकारी लेने के बाद ही सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस मामले में तहसीलदार लालगंज ने बताया कि मामले की शिकायत की गई है अगर घूम दरी में सड़क बनवाई जा रही है तो वह सरासर गलत है ,जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में राजधानी के कृष्णा मिश्रा और अदिति सिंह चयनित

**लखनऊ।** दिनांक 25 से 30 दिसम्बर तक पश्चिम बंगाल के हुगली शहर में राष्ट्रीय जूनियर बालक बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उ0प्र0 की टीम में बालिका वर्ग में राजधानी की अदिति सिंह व बालक वर्ग में कृष्णा मिश्रा ने जगह बनायी है। अदिति सिंह सेंट जोसेफ स्कूल राजाजीपुरम का छात्रा है वही कृष्णा यिश्रा गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज आलमबाग की छात्र है। इन्होंने राष्ट्रीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता मे चयनित होकर अपने विद्यालय के साथ-साथ राजधानी का नाम भी रोशन किया है। उप्र0 की टीम का फइनल चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के एनआईएस विनय और सपना पांडे के द्वारा किया गया। साथ ही बालक-बालिका की टीम के खिलाड़ियों को किट का वितरण लक्ष्मण पुरस्कार प्राप्त व विवेकानंद यूथ एवार्ड से सम्मानित रवि कांत मिश्रा, एवं अजीत सिंह यादव के द्वारा किया गया। खो-खो संघ के प्रकाश मिश्रा ने बताया की राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये दोनों टीमें 24 दिसम्बर को प्रयागराज से हुगली के लिये रवाना होगी जहां 25 से 30 दिसम्बर तक प्रतियोगिता चलेगी। इस अवसर पर सें जोसफसमूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने उ0प्र0 की बालक बालिका दोंनों टीमों को विजयी होने की कामनाओं के साथ अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### छात्राओं ने एरोबिक्स प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

**गोण्डा।** क्रिसमस व नए वर्ष के पूर्व उड़ान एकेडमी के छात्राओं के बीच डांस, जुंबा, एरोबिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज को बच्चों ने बधाई कार्ड देकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी गोंडा ने उड़ान एकेडमी के इस पहल की सराहना की। कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ती है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अनीशा, अवियुक्ता, अनुप्रेक्षा, वान्या, अक्षिता, स्वस्तिक राज, खुशबू चौधरी, ममता श्रीवास्तव, नीतू गौतम, आरती चौधरी को सम्मानित किया गया। उड़ान की निर्देशिका आयुषी राज ने समस्त प्रतिभागियों का परिचय व उपलब्धियां बताकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### देर रात चार घरों में चोरी,एक किमी के अन्दर दो थाना क्षेत्रों में घटना

**गोण्डा।** जिले में बीती रात चोरों ने दो थाना क्षेत्रों में चारी की घटना को अंजाम दिया। एक किलोमीटर के अन्दर कोतवाली देहात क्षेत्र और मोतीगंज थाना क्षेत्र में चार घरों को चोरो ने निशाना बनाया। चोर मकान से लाखों के जेवर समेत नकदी और अन्य कीमती सामान समेट कर फरार हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के बिरवा भभनी गांव में अरुण कुमार सिंह के घर पर चोर छत से आंगन में उतर आए। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी से दो पायल एक करधन, एक झुमकी की 2 तल्ले की, तीन अंगूठी, दो चेन, 4 साड़ियां, दो पेंट और दो जैकेट समेत दो लाख रुपये का समान चुरा ले गए। वहीं इसी थाना क्षेत्र के ही बिरवा बभनी गांव के बगल परसहवा गांव में शोभाराम पूर्व प्रधान के घर पर भी बक्से का ताला टूटा हुआ पाया गया। चोर नगदी और जेवरात मिलाकर लाखों रुपये का माल समेट ले गए। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मलथुआ शाहजोत में गोपाल सिंह के घर से चोरो नें 50 हजार नकदी समेत लगभग 5 लाख का माल पार कर दिया। बगल के गांव भवनियापुर में शारदा जैसवाल के घर पर भी चोरों ने धावा बोला। यहां से चोर एक बक्से में रखे कुछ कपड़े ही ले जा सके। सदर विधायक के प्रतिनिधि के घर 20 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा करने में देहात कोतवाली पुलिस अभी तक नाकाम साबित रही है। 2 नवम्बर की रात विधायक प्रतिनिधि के घर से नकदी समेत करीब 2,00,000 के जेवर चोरी हुए थे।

### कार और डंपर के बीच भीषण टक्कर, एक की मौत, डंपर चालक मौके से फरार

**गोण्डा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन के निर्देश पर प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में जुटी हुई है, जिससे सड़क हादसे को रोका जा सके और निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सके। लेकिन प्रशासन के द्वारा की जा रही कोशिशों के बावजूद लोगों के द्वारा यातायात नियमों में किए जा रहे उल्लंघन के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिसका ताजा नजारा भंभुआ चौकी स्थित मसौलिया मोड़ के पास देखने को मिला। जहां आज हुए कार और डंपर के बीच जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में जुटी हुई है, वहीं मृतक की शिनाख्त को लेकर पुलिस कार्रवाई में लगी हुई है।दुर्घटना के बाद पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। घटना भंभुआ थाना क्षेत्र के मसौलिया मोड़ के पास का है। जहां सामने से आ रही कार को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते कारण बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके चलते एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे के बाद तुरंत स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाले डंपर को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन डंपर चालक मौके से फरार है। आज हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत के बाद पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है।

# महिला सम्मान, सुरक्षा व स्वाभिमान को प्रोत्साहन दे रही है सरकार

## बेटी बेटा एक समान, उनमें कोई फर्क न करें: केशव मौर्य

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिला सम्मान, सुरक्षा व स्वाभिमान को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। सरकार ने महिलाओं की खुशहाली के लिए नए द्वार खोले हैं। महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध है। हर क्षेत्र में महिलाएं देश का परचम लहरा रही हैं। मातृशक्ति के सहयोग से सरकार को लिंगानुपात बराबर करने में मिल रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। हर क्षेत्र में बेटियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है,महिलाएं समझे ,प्रयास करें और आगे आए। बेटी-बेटा एक समान उनमे कोई फर्क न करें। समूहो की हर महिला को नियमानुसार आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। समाज में महिलाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है।श्री मौर्य शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की

**●सरकार ने महिलाओं की खुशहाली के लिए नए द्वार खोले है**

**●केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध है**

पहल पर प्रदेश मे 25 नवंबर से 23 दिसंबर 22 तक आयोजित 'नई चेतना पहल बदलाव की' कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समापन समारोह का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लैंगिक समानता पर आधारित जेंडर चौंपियन समारोह एवं कार्यशाला को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अलावा राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विजय लक्ष्मी गौतम, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सी0 इन्दुमती ने भी संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न गतिविधियां संचालित कर महिला स्वावलंबन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने



वाली प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जेंडर चौंपियन के रूप में प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन तथा लैंगिक समानता पर आधारित केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा की बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ, उज्जवला योजना में महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर, सौभाग्य योजना, सुकन्या समृद्धि योजना ,सुरक्षित मातृत्व योजना, मुद्रा योजना सिलाई मशीन योजना आदि योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने महिला हिंसा के विरुद्ध चलाई जा रही विभिन्न सेवाओं वुमेन पावर हेल्पलाइन, पुलिस सहायता, साइबर सेल आदि के बारे में भी प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि जबसे देश में नरेंद्र मोदी की और उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है ,तब से हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं।उन्होंने कहा कि देश में 50 करोड़ खाते खोलने का कार्य किया गया, जिसमें 55 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम से आवास दिए जाते हैं। महिलाएं यदि घर का काम करती हैं तो देश की सीमा पर भी बेटियां देश की रक्षा भी कर रही है। समाज रूपी रथ का पहिया महिला और पुरुष दोनों के कारण ही चल पाता है। कहा कि महिलाओं को अपना हक व सम्मान दिलाने में समाज के नजरिए को बदलने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। सम्मान, प्रतिष्ठा और प्यार महिला सशक्तिकरण के आधार हैं। महिलाएं वह आधारशिला हैं, जिसके बिना किसी भी मजबूत परिवार, समाज व देश की पर परिकल्पना नहीं की जा सकती। इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने लगभग सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहराया है। राष्ट्र तभी सशक्त बन सकता है ,जब उसका हर नागरिक सशक्त हो ,जब उसका हर नागरिक सशक्त हो इसमें भी महिलाओं की भूमिका ही सबसे आगे है। परिवार में एक मां के रूप में वह अपनी भूमिका अदा करती है। भारतीय समाज में छोटी बच्चियों के खिलाफ भेदभाव और लैंगिक असमानता की ओर ध्यान दिलाने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नाम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सामाजिक योजना की शुरुआत की गई। आज देश में महिलाएं सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक जीवन में बराबर की भागीदार है। महिलाओं के प्रति किसी भी तरह के भेदभाव दूर करने के लिए कानूनी प्रणाली एवं सामान सामुदायिक प्रक्रिया विकसित की गई है।कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 70 लाख से अधिक परिवारों को रिवाल्विंग फंड सामुदायिक निवेश निधि,आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु बैंक ऋण, बीसी, विद्युत सखी द्वारा लाभांश अर्जन, कर लाभांश अपने जीविकोपार्जन, आर्थिक उन्नयन एवं जीवन स्तर में निरंतर सुधार किया जा रहा है, साथ ही टेक होम राशन, आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से महिला समूह आर्थिक रूप मे पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विजयलक्ष्मी गौतम ने नई चेतना पहल बदलाव की' कार्यक्रम की सराहना की और कहा इससे महिलाएं और अधिक सशक्त होंगी।

# एसटीएफ करेगी छापे के दौरान जब्त मोबाइलों की जांच

संवाददाता

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज बताया कि वृहस्पतिवार को मौरंग मंडी में ओवरलोड और अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। छापे की कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों एवं दलालों से जब्त मोबाइलों की जांच एसटीएफ को दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा है कि छापे की कार्यवाही के दौरान दलाल और ट्रक चालक कार्यवाही की लोकेशन अपने साथियों को शेयर कर रहे थे। दयाशंकर सिंह ने कहा कि बार-बार पकड़े जाने वाले वाहनों की परमिट निरस्त करने पर भी विचार किया जा रहा है। जिससे

**●ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत संचालन की जांच करें अधिकारी: दयाशंकर**

कि बिना नम्बर प्लेट, बिना डाक्युमेंट एवं ओवरलोड के अंतर्गत पकड़े जाने वाले वाहन स्वामी ऐसा दोबारा न करें। उन्होंने कहा कि खनन विभाग के लोग लोडिंग प्वाइन्ट पर ही सख्ती करें तो परिवहन विभाग को भी आसानी होगी।श्री सिंह ने कहा कि सख्ती के बावजूद बहुत से वाहन ओवरलोड एवं अनाधिकृत संचालन कर रहे थे, जिसकी शिकायतें मिलने के पश्चात औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया एवं कड़ी



कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अधिकारियों एवं मेरे द्वारा औचक जांच की जायेगी, जिससे कि ओवरलोडिंग की कार्रवाई को रोकी जा सके।

### लखनऊ संभाग में की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में लखनऊ संभाग में प्रवर्तन दल द्वारा 22 दिसम्बर से 23 दिसम्बर सुबह 11 बजे तक प्रवर्तन की कार्यवाही सम्पन्न की गयी। प्रवर्तन अधिकारियों ने लखनऊ संभाग में कुल 72 ओवरलोड मालयानों का चालान एवं 45 वाहनों को बंद करवाया। प्रवर्तन की इस कार्यवाही से 18.03 लाख रूपए प्रशमन शुल्क वसूले गये।उप परिवहन आयुक्त संभाग ने बताया कि परिवहन मंत्री ने ओवरलोड मालयानों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

# अब घना कोहरा होने पर ही बंद होगा बसों का संचालन

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश में रोडवेज बस से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। प्रदेश की 12 हजार रोडवेज का संचालन अब घना कोहरा होने पर ही बंद होगा। रात्रिकालीन बसों में सीटों की अग्रिम आनलाइन टिकट बुकिंग फिलहाल 15 जनवरी तक बंद रहेगी। यात्रियों के बढ़ते आक्रोश और रोडवेज से अनुबंधित बस संचालकों के चक्काजाम की चेतावनी के बाद परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने रात्रिकालीन बस सेवा संचालन बंद करने के आदेश में बदलाव किया है। उन्होंने आरएम और एआरएम को निर्देश दिये हैं कि सामान्य कोहरा होने पर बसें मैनुअली सर्शत चलाई जाएं ताकि सफर को लेकर यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। यात्रियों की सुविधा को देखते हुये सामान्य कोहरे में बसें चलाने का आदेश दिया गया है। अधिक कोहरा होने पर बसें बीच रास्ते पेट्रोल पम्प, ढाबा, टोल के पास, चौकी पर खड़ी होंगी। रात में यात्री कम होने पर बसें निरस्त रहेंगी। गुरुवार को सभी डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश जारी किया गया है।

# मां पीताम्बरा महायज्ञ के लिये हुआ झंडा वितरण

संवाददाता

**लखनऊ।** मां पीताम्बरा 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन गोमती तट उपासना स्थल झूलेलाल वाटिका पर विश्व कल्याण की कामना के साथ गुप्त नवरात्रि के अवसर पर 22 जनवरी से 30 जनवरी तक होगा। महायज्ञ का सयोजन दंडी सन्यासी रामाश्रम महाराज एवं अध्यक्षता महन्त योगी राकेशनाथ महाराज नाथ सम्प्रदाय कर रहे हैं। आज शुक्रवार को महायज्ञ स्थल पर हजारों महिला, पुरुष भक्तों ने मां पीताम्बरा पीठ दतिया से आये अभिमन्त्रित ध्वज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिविधान से भक्तों ने अपने अपने हाथों में लेकर पूजन और वितरण किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गो सेवा प्रमुख अजीत महापात्र,क्षेत्रीय धर्म जागरण प्रमुख अभय, प्रान्त गौ सेवा प्रमुख सर्वजीत सहित हजारों की संख्या में मां भक्त उपस्थित रहे। दण्डी स्वामी रामाश्रम महाराज ने बताया कि यज्ञ को संकल्प के साथ किया जा रहा है कि हिदू सनातन सूत्र से जोड़ते हुए सर्वोच्च भारत का निर्माण हो। 108 कुंडीय महायज्ञ में सवा पांच करोड़ आहुतियां यज्ञ शाला में अर्पित की जाएंगी।

### अहमदाबाद में होने वाली 16वीं सब जूनियर नैशनल साफ्ट टेनिस चौम्पियनशिप में प्रतिभाग करेगी उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** 16वीं सब जूनियर नैशनल साफ्ट टेनिस चौम्पियनशिप 2022 का आयोजन दिनाँक 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर को अहमदाबाद, गुजरात मे किया जा रहा है उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश की 16 सदस्यीय टीम (बालक, बालिका) 24 दिसम्बर को लखनऊ प्रस्थान करेगी। उत्तर प्रदेश टीम को आज माननीय अभिषेक कौशिक जी (चेयरमैन सॉफ्ट टेनिस उत्तर प्रदेश) ने टीम को 'किट वितरण'करके टीम को चौम्पियन होने के टिप्स, व शुभ आशीष वचन दिए।

# बेसिक शिक्षा मंत्री नेनिष्ठा 4.0 ईसीसीई ऑनलाइन प्री-प्राइमरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह की अक्ष्यक्षता में गत दिवस बेसिक शिक्षा निदेशालय निशातगंज एससीईआरटी लखनऊ के सभाकक्ष में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में विजय किरन आनन्द महानिदेशक स्कूल शिक्षा, मधुसूदन हुल्गी, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश शुभा सिंह, शिक्षा निदेशक बेसिक डॉ0 अंजना गोयल, निदेशक, एससीईआरटी, उत्तर प्रदेश उपस्थित थे।

**●प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा हेतु किया गया प्रशिक्षित**

**●प्रशिक्षण के द्वितीय स्तर में मास्टर ट्रेनर्स को दिया जायेगा प्रशिक्षण: संदीप सिंह**

समीक्षा बैठक में एससीईआरटी के डॉ पवन सचान, संयुक्त निदेशक एसएसए, दीपा तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक पुष्पा रंजन, सहायक उप शिक्षा निदेशक पशि एवं पूनम नौटियाल, शोध प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। इस समीक्षा बैठक में निष्ठा 4.0 ईसीसीई ऑनलाइन प्री-प्राइमरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने बटन दबाकर किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर निष्ठा 4.0 ईसीसीई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एनसीईआरटी, नई दिल्ली द्वारा प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा हेतु किया गया है।

# आरएलबी में स्टॉफकी कमी से समरीज परेशान प्रशासन की लापरवाही आयी सामने

संवाददाता

**लखनऊ।** सप्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त कर, सरकारी डॉक्टर्स के द्वारा मरीजों को बेहतरीन सुविधाएं देने की बात करते हैं। उनका कहना है कि एक साल में करीब 99 (पीएचसी) व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू हुए। जिससे मरीजों को घर के नजदीक इलाज मिलने से मरीजों को काफी सुविधा हुई। इन स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से बड़े सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव कम हुआ है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कहते हैं। कि डॉक्टरों तथा



मेडिकल स्टॉफ की संख्या में भी वृद्धि हुई है। मगर सच्चाई इन आंकड़ों के विपरीत ही कहानी बयान करती है। हकीकत यह है कि राजधानी के राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में स्टॉफ की काफी कमी है। स्टॉफ की कमी के कारण, अधिकतर वार्डों में ताले पड़े हुए हैं। मुख्य रूप से कार्डिएक केयर यूनिट (सीसीयू) में स्टॉफकी कमी से, हार्ट के मरीजों का सही से इलाज नहीं हो पा रहा है। हार्ट के डॉक्टर का कहना है कि, स्टॉफकी कमी के कारण हार्ट के मरीजों के इलाज में उन्हें भी काफी परेशानी हो रही है। बाल रोग विभाग, डेंगू लैब, नवजात शिशु परीक्षण कक्ष के अलावा और अन्य वार्ड बंद होने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबध में जब अस्पताल की,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संगीता टंडन से बात की सतो उन्होंने बताया कि (एनएसथिसया बेहोशी) जैसे गंभीर मरीजों को देखने के लिए भी कोई डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं हैसडॉ संगीता के अनुसार कई बार, डॉक्टर और स्टॉफ कि कमी को पूरा करने के लिए प्रशासन के आला अधिकारीयों को सूचित किया गयास और रिमाइंडर भी भेजा गया फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके कारण अस्पताल में स्टॉफ की कमी से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### अस्पतालों में हेल्प डेस्क बनाये: बृजेश पाठक

**लखनऊ।** कोरोना को लेकर सभी अस्पतालों में हेल्प डेस्क बनाई जाये। ताकि संक्रमितों को समय पर इलाज व जरूरी मदद मिल सके। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाये। ये निर्देश उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रदेश के सभी सीएमओ और सीएमएस ने दिये। चीन, उत्तर कोरिया समेत अन्य देशों में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सतर्क रहने की जरूरत है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अस्पतालों में जाँच व इलाज की सुविधा बढ़ाई जाये। मरीजों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाये। इसमें मरीजों को सहायता प्रदान की जाये। इसके अलावा बुखार, सर्दी-जुकाम समेत दूसरे लक्षण वाले मरीजों की पहचान की जाये। लक्षणों के आधार पर मरीजों की जाँच कराये। पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आने वालों की जाँच करायें।

# कोरोना की आहट से जागा स्वास्थ्य विभाग

**सुल्तानपुर।** कोरोना की चौथी लहर की आहट मिलते ही स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद हो गया है। अब तक बंद कमरों में पड़े संसाधनों को चेक किया जा रहा है। ऑक्सीजन प्लांट भी सक्रिय किए जा रहे हैं। जिले में सात ऑक्सीजन प्लांट के साथ ही 580 बेड आरक्षित किए जाने की कवायद चल रही है।

जिला अस्पताल में 12 वेंटीलेटर के साथ चिकित्सकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दूसरी ओर कोरोना को लेकर आम आदमी बेफिक्र है। किसी के चहरे पर मास्क तक नहीं है। कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन के

**●बंद कमरों में पड़े संसाधनों को चेक किया जा रहा है**

**●ऑक्सीजन प्लांट भी सक्रिय किए जा रहे हैं**

संकट से निपटने के लिए जिले में बड़े स्तर पर काम किया गया था। कोविड एल-टू मिनी ट्रॉमा सेंटर में 180 एलपीएम (लीटर पर मिनट), जिला पुरुष व महिला अस्पताल में 960-960 एलपीएम, कादीपुर सीएचसी में 45 एलपीएम, बिरसिंहपुर के 100 बेड के अस्पताल में 333 एलपीएम, लंभुआ सीएचसी पर



200 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। जिला अस्पताल के अलावा किसी भी ऑक्सीजन प्लांट की जरूरत नहीं पड़ने से स्वास्थ्य विभाग का इस ओर ध्यान ही नहीं गया। शासन से बुधवार को हाई अलर्ट मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी को सक्रिय करने की कवायद शुरू कर दी। बृहस्पतिवार को अमहट स्थित मिनी ट्रॉमा सेंटर एल-टू में 50 बेड़, बिरसिंहपुर अस्पताल में 200 बेड, महिला अस्पताल के पीकू वार्ड में छह वेंटीलेटर और अमहट स्थित कोविड एल-टू अस्पताल में छह वेंटीलेटर की व्यवस्था के साथ ही दवाओं का स्टॉक सुरक्षित करने में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और कर्मी जुटे रहे। सीएचसी कुड़वार का एल-वन सेंटर 30 बेड का है। दो बेड का पीकू सेंटर है। सेंटर पर दो वेंटीलेटर और 45 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर समेत एंटी बॉयोटिक और पैरासिटामॉल दवाएं मौजूद हैं। सीएचसी पर तीन चिकित्सक तैनात हैं।

### सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**अमेठी।** डीएम राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत 19 से 25 दिसंबर 2022 के बीच आयोजित हो रहे सुशासन सप्ताह पर कार्यशाला का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों द्वारा पीपीटी वीडियो के माध्यम से किए गए कार्यों, कैंप, प्रचार प्रसार का विस्तृत वर्णन किया गया। दरअसल सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन व समस्त संबंधित विभागों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल शिविर कैम्पों का आयोजन कर जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में संकल्प अटल हर घर जल जागरूकता अभियान की हुई शुरूआत

**लखनऊ।** योगी सरकार भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 98वीं जयंती को सबसे खास अंदाज में मनाने जा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई जी की जयंती की पूर्व संध्या 24 दिसम्बर से संकल्प अटल हर घर जल अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस दौरान ब्लाक, गांव, स्कूलों, आंगनबाड़ी और पंचायतों में सप्ताह भर जल जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इतना ही नहीं 25 दिसम्बर को हजारों ग्रामीणों को नल कनेक्शन का तोहफा भी दिया जाएगा। एक दिन में 98 हजार से अधिक नल कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है। इस बारे में राज्य सरकार की ओर से निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। राज्य सरकार ने 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री की 98वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए एक दिन में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने का लक्ष्य अफसरों को दिया है। इस मौके पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की उत्कृष्ट परंपराओं के प्रबल संवाहक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी ने ग्रामीण विकास का जो सपना देखा था उसको राज्य की योगी सरकार पूरा कर रही है। सरकार की मंशा गांव में निवास करने वाले जन-जन तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही उनको हर घर जल योजना के प्रति जागरूक करने की है। राज्य में 24 से 31 दिसम्बर तक चलने वाले संकल्प अटल हर घर जल जन जागरूकता सप्ताह में ग्रामीण परिवारों को अधिक से अधिक नल कनेक्शन देने के साथ जन जागरूकता के विविध आयोजन होंगे। स्कूलों के बच्चे जहां रैलियां निकालकर गांवों वालों को पानी की महत्ता बताएंगे। वहीं स्कूलों में कला-निबंध और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। स्वयंसेवी संस्थाएं ब्लाक, गांव, स्कूलों, आंगनबाड़ी और पंचायतों में महिला-पुरूषों की बैठक कराएंगे और उनको पानी बचाने की जानकारी साथ में योजना से होने वाले लाभ भी बताएंगे।

### डीएम सूर्य पाल गंगवार ने लोगों को कोविड नियमों को लेकर किया, जागरूक

**लखनऊ।** सार्वजनिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मॉस्क का प्रयोग करने हेतु लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार स्वयं फील्ड में उतर कर अचानक चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे। लोगो से संवाद कर मास्क लगाने के लिए किया जागरूक। साथ ही स्टेशन पर बिना मास्क लगाए आए लोगो को मास्क देकर कोविड प्रोटोकॉल के सम्बंध में लोगो को किया जागरूक। जिलाधिकारी ने जनपद वासियो से अपील की अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए सदैव मास्क प्रयोग करने को कहा हैं। लोगो को मास्क लगाने और कोविड प्रोटोकॉल के सम्बंध में जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी चलाया जा रहा अभियान, अधिकारी भीड़ भाड़ वाले स्थलों पर जा कर लोगो को मास्क लगाने के लिए करेगे प्रेरित।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 16 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 16 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि डेक्रूटिस इंटरनेशनल कम्पनी में बीटेक की छात्रा वर्तिका यादव का चयन ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर (5.6) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, इन्वेंटिक्स सॉफ्टवेयर प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में बीटेक के तीन छात्रों प्रतीक गुप्ता, आयुष कुमार, राशि सिंह का चयन फुल्ल स्टैक डेवलपर और एमसीए के एक छात्र प्रशांत मिश्रा का चयन फ्लटर डेवलपर के पद पर (4.7) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, बिग ओ नोटेशन प्रा. लि.कंपनी में बीटेक की एक छात्रा यशस्वी श्रीवास्तव का चयन ग्रेजुएट मैनेजमेंट इंटर्न के पद पर (4.5) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर और कैशपोर माइक्रो क्रेडिट कम्पनी में एमबीए के दस छात्रों अभय चंद्रा, अनुष्का सिंह, गुलशन कुमार यादव, हिमांशु रंजन, मोहम्मद बिलाल, नितेश यादव, आयुष पाण्डेय, नैंसी टंडन, प्राची मिश्रा, श्रेया लाल का चयन ब्रांच मैनेजर व मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर अधिकतम (4.5) लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

**लखनऊ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व कार्यरत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेम प्रकाश ने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रिलीटिगेशन वाद, न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सिविल वाद, अपराधिक प्रकृति के समय वाद, चेक बाउंस के मामले धन वसूली के मामले मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम विभाग से संबंधित वाद, विद्युत व जलकर बकाया के वाद, भूमि अर्जन से संबंधित वाद, सेवा व पेंशन संबंधी मामले जिला न्यायालय में लंबित राजस्व वाद, अन्य सिविल प्रकृति के मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

### भूपेंद्र चौधरी ने चरण सिंह किया याद,दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ.चरण सिंह की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ही एक मात्र नेता हुए हैं जिन्हें किसानों का मसीहा कहा गया। भारतीय राजनीति में शुचिता, सादगी व सरलता की प्रतिमूर्ति, अन्नदाता किसानों के सर्वांगीण उन्नयन हेतु आजीवन संघर्षरत रहने वाले महान किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, जननेता चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन है। श्री चौधरी ने चौ.चरण सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करने की जरूरत है।बीजेपी अध्यक्ष ने किसान भाइयों को श्किसान दिवसश् की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ व वाराणसी सेमीफाइनल में

**बस्ती।** अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में चल रही प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को लीग मैच के पांच मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की बदौलत गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ व वाराणसी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। शनिवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सुबह की पाली में तीन मैच खेले गए। पहला मैच प्रयागराज व देवीपाटन की टीम के बीच हुआ। प्रयागराज ने देवीपाटन मंडल को 53-37 अंक से हराया। दूसरा मुकाबला बस्ती व अलीगढ़ की टीम के बीच खेला गया। बस्ती ने अलीगढ़ को 46-35 अंकों से पराजित किया। तीसरा मुकाबला लखनऊ और आगरा की टीम के बीच हुआ। लखनऊ ने आगरा को 47-43 अंकों से हराया। द्वितीय पाली में वाराणसी व बरेली के बीच मैच हुआ। वाराणसी की टीम ने बरेली को 33-13 अंकों से हराया। गोरखपुर व मेरठ के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। गोरखपुर ने मेरठ को 44-31 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दिन एडीएम कमलेश चंद्र वाजपेयी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

### विधि संकाय में लिटरेरी इवेंट्स का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में ए.डी.आर. ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी द्वारा प्रथम डॉ. वी.एन. शुक्ला इंटर कॉलेजियेट लिटरेरी कंपटीशन का आयोजन आगामी 6 एवं 8 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह ने कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण करते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, लीगल डिबेट, लीगल क्विज, एवं आर्टिकल राइटिंग इंवेट आयोजित किए जायेंगें। ए.डी.आर. ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी के प्रेसीडेंट तुषार पांडेय व कंवेनर स्वराज शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन की विस्तृत जानकारी विधि संकाय व अन्य संकायों के साथ ही विभिन्न संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को भी दी जा रही है ताकि प्रत्येक छात्र को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी एवं सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# यूपी महोत्सव में बिना मास्क के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं

## 21 महिलाओं, 11 पुरूषों और 11 बच्चों को मिलेगा यूपी रत्न सम्मान

**संवाददाता**

● प्रत्येक व्यक्ति का गेट पर टैम्पेचर चेक करने के बाद उसे सैनिटाइज करके ही प्रवेश दिया जायेगा

● यूपी महोत्सव में निःशुल्क यूपी टैलेण्ट हण्ट का आयोजन किया जायेगा




**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में 24 दिसम्बर 2022 से 9 जनवरी 2023 तक सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड, केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज लखनऊ में कोविड-19 के नियमों के तहत आत्म निर्भर भारत के 21वीं सदी का विकसित उ0 प्र0 थीम संग 17 दिवसीय 15वें यूपी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस बात की जानकारी आज प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने महोत्सव स्थल पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यू0 पी0 महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, गौ-संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, औद्योगिक मिशन, औषधि, पौध, महिला सशक्तिकरण, जनसंख्य वृद्धि उन्मूलन, निर्बल असहाय, आदिवासी विकलांगता, ग्रामीण विकास, प्लास्टिक हटाओ, एक जिला एक उत्पाद, हैण्डीक्राफ्ट्स-खादी ग्रामोद्योग, नाबार्ड-सूडा-डूडा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों को बढावा देने के साथ ऐतिहासिक, धार्मिक, खेलों, कला-संस्कृति और साहित्य का संरक्षण और संवर्धन करना है। उन्होने बताया की यू0 पी0 महोत्सव का आयोजन कोविड-19 के नियमों के तहत किया जायेगा। महोत्सव में बिना मास्क के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नही दिया जायेगा, इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति का गेट पर टैम्पेचर चेक करने के बाद उसे सैनिटाइज करके ही प्रवेश दिया जायेगा। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि 24 दिसम्बर 2022 से 9 जनवरी 2023 तक होने वाले 15वें यूपी महोत्सव में निःशुल्क यूपी टैलेण्ट हण्ट का आयोजन किया जायेगा, इसके तहत बच्चों व युवाओं की गायन, नृत्य, वादन, किड्स मॉडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, साइकिल रेस, खो-खो, कबड्डी, मिस्टर-मिस और मिसेज यूपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रेसवार्ता मे एन बी सिंह ने बताया कि यूपी महोत्सव में इस वर्ष उत्तर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली उत्तर प्रदेश की 11 महिलाओं को यूपी महिला रत्न सम्मान, 11 पुरूषों को यूपी रत्न और 11 बच्चों को यूपी बाल रत्न सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत यूपी महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत रोजाना उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की कला संस्कृति को बढावा देने हेतु अवधी नाइट्स, ब्रज नाइट्स, बंन्देली नाइट्स, राजस्थानी नाइट्स, भोजपुरी नाइट्स और बॉलीवुड नाइट्स का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा कवि सम्मेलन, मुशायरा, बिरहा और आल्हा के कार्यक्रम होंगें। एन बी सिंह ने आगे बताया कि यूपी महोत्सव में इस वर्ष फूड जोन में राजस्थानी, पंजाबी, साउथ इण्डियन, चाइनीज, अवधी-मुगलई के अलावा देशी बाटी चोखे के स्टाल आकर्षण के केन्द्र होंगे। इसके अलावा फन जोन में बच्चों व अन्य लोगों के लिए तमाम तरह के झूलों व खिलौनों के अलावा हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट्स, खादी, आटोमोबाइल, फर्नीचर, घरेलू सामानों और लघु इकाइयों द्वारा निर्मित सामानों के स्टाल होंगे। इसके अलावा युवाओं के लिए एक सेल्फी प्वाइन्ट भी होगा जहां लोग यूपी महोत्सव की यादों को अपने मोबाइल में संजो सकते हैं।प्रेसवार्ता में कृष्णा नन्द राय उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनोनयन के लिए केंद्रीय नेतृत्व को भेजे नाम

## संघ के संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल

**संवाददाता**



**लखनऊ।** भाजपा ने विधान परिषद में मनोनीत कोटे की रिक्त छह सीटों पर मनोनयन के लिए पैनल तैयार केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया है। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और महामंत्री संगठन बीएल संतोष नाम तय करेंगे। संभावना है कि पार्टी आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर परिषद में दलित और पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व बढ़ा सकती है। इसमें मूल काडर के साथ राष्ट्रीय स्वयं संघ के वैचारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों को भी जगह मिल सकती है। विधान परिषद में मनोनीत कोटे की तीन सीटें इस साल 28 अप्रैल और तीन सीटें 26 मई को रिक्त हुई थीं। करीब सात महीने बीतने के बाद भी नामों पर एकमत न होने से अभी तक मनोनयन नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में मनोनयन के लिए मंथन हुआ। कोर कमेटी ने 18 से अधिक नामों का पैनल तैयार किया है। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ अग्रिम मोर्चे और विभागों के पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं। परिषद में अभी दलित और पिछड़े वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सामान्य वर्ग के सदस्यों के मुकाबले कम है। ऐसे में पार्टी जातीय संतुलन बनाने की कोशिश कर सकती है। केंद्रीय नेतृत्व की ओर से तय नामों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पास भेजेंगे। वहां से मंजूरी मिलते ही अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। निकाय चुनाव टलने की स्थिति में भाजपा सरकार निगम, आयोग, बोर्ड और समितियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां करने की कार्रवाई शुरू करेगी। ओबीसी और अनुसूचित जाति आयोग, प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड, पर्यटन विकास निगम, राज्य महिला आयोग में भी नए अध्यक्ष की तैनाती होनी है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल पूर्व आईईएस, पूर्व आईपीएस, सेवानिवृत्त पीसीएस और पीपीएस अफसर भी कतार में है। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और विधायक भी निगम, आयोग और बोर्ड में समायोजन की दौड़ में शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक समायोजन में करीब 20 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं की सरकार के विभिन्न पदों पर ताजपोशी की जाएगी।

# जनवरी 2023 में 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**संवाददाता**

● बैंक आम लोगों की जिंदगी का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है

● नगद लेनदेन से लेकर चेक जमा करने ड्राफ्ट आदि कई कामों के लिए लोगों को बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं

**लखनऊ।** दिसंबर का महीना खत्म होने में 9 दिन शेष है और जल्द ही नए साल 2023 की शुरुआत होने वाली है। ऐसे में नए साल की शुरुआत से पहले यह जान लें कि अगले महीने जनवरी में बैंक में छुट्टियां कुछ कम है। बैंक आम लोगों की जिंदगी का बहुत महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। नगद लेनदेन से लेकर चेक जमा करने ड्राफ्ट आदि कई कामों के लिए लोगों को बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं ऐसे में लंबे बैंक हॉलिडे के कारण आम ग्राहकों को कई बार बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है लोगों की सुविधा के लिए रिजर्व बैंक ऑफइंडिया बैंक हॉलिडे की लिस्ट जारी करता है। आरबीआई के नए साल के कैलेंडर के मुताबिक जनवरी 2023 में बैंक कुल 11 दिनों तक बंद रहेंगे ऐसे में जनवरी 2023 में बैंक संबंधित कोई जरूरी काम निपटाना है तो उसे पहले ही पूरा कर ले इससे बाद में आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होगी ऐसे में अगर आप बैंक के अवकाश के कारण होने वाली परेशानियों से बचना चाहते हैं तो यहां राज्यों के अनुसार छुट्टियों की लिस्ट चेक कर सकते हैं इसके बाद आप अपने काम की प्लानिंग उसी हिसाब से कर सकते है ध्यान देने वाली बात ये है कि राज्यों में छुट्टिया लोकल फेस्टिवल के अनुसार तय होती है। बैंक होलिडे वाले दिन अगर आपको किसी के खाते में पैसे ट्रासफर करना है या किसी से पैसे मंगवाने हैं तो आपको इस काम के लिए नेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैंए वहीं कैश निकालने के लिए आप एटीएम का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही आप क्रेडिटए डेबिट कार्ड और यूपीआई के जरिए ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं।

# सपा अध्यक्ष अध्यक्ष अखिलेश की बढ़ सकती हैं मुश्किलें!

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एसपी मीडिया सेल द्वारा संचालित ट्विटर हैंडल से उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में उत्तम पटेल को लखनऊ एमपी,एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 7 जनवरी तय की है। जानकारी मुताबिक अपनी अपनी शिकायत में त्रिपाठी ने एसपी मीडिया सेल पर सपा और उसके राजनीतिक कद के खिलाफ नियमित रूप से ट्वीट करने के बाद ष्उनके परिवार के सदस्यों के लिए अपमानजनक भाषाष् का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हैंडल 1 दिसंबर से लगातार उनके और उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक संदर्भ बना रहा है। त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी के एक राज्य प्रवक्ता के रूप में उनकी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ प्रतिक्रिया देना उनका काम था। आपको बता दें कि त्रिपाठी ने मीडिया सेल सपा द्वारा किए गए ट्वीट्स के स्क्रीनशॉट संलग्न किए, जो खुद को आधिकारिक समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के रूप में वर्णित करता है। उन्होंने शिकायत में कहा कि शुरुआत में उन्होंने अपने खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को राजनीतिक बदले की भावना से बाहर कहकर खारिज कर दिया था।

# किसान हित के लिए चौ.चरण सिंह ने सत्ता की नही की परवाह

## रालोद ने किसान मजदूर दिवस के रूप में मनाई चरण सिंह जयंती

**संवाददाता**

● किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयन्ती किसान मजदूर दिवस के रूप में मनायी गयी

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी जनपदों में किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयन्ती किसान मजदूर दिवस के रूप में मनायी गयी। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में चौधरी साहब की प्रतिमा के सम्मुख हवन पूजन तथा माल्यार्पण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिह तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विधानभवन स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि चौ. साहब पूरे देश में एकमात्र किसानों के हमदर्द एवं शुभचिंतक थे जिन्होंने अपने सम्पूर्ण कार्यकाल में किसान हितों की रक्षा के लिए अपने संकल्प का निर्वाह किया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि चौधरी साहब का प्रत्येक कदम खेतों की मेड़ पर और किसान के हित में होता था। किसान को उसकी पहचान पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह द्वारा ही दी गयी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा किसानों के प्रति हो रहे अन्याय एवं अमर्यादित व्यवहार को दृष्टिगत रखते हुये चौ. साहब का सम्पूर्ण जीवन अधिक प्रासंगिक हो गया है जिन्होंने किसान हितों की रक्षा के लिए न तो सत्ता की परवाह की और न ही किसी प्रकार का रोड़ा बर्दाश्त किया। इस अवसर टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा, प्रदेश प्रभारी सदस्यता अभियान सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, किसान मजदूर जागरण सप्ताह के प्रदेश प्रभारी वसीम हैदर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, वरिष्ठ नेता रजनीकांत मिश्रा, मनोज सिंह चौहान, युवा रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अम्बुज पटेल, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौहान, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव चन्द्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रणविजय मौर्य, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, इकराम सिंह छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, रामगोपाल चंदेल, आरपी सिंह चौहान, प्रमोद शुक्ला, महेश पाल धनगर, अफसर अली, शहजाद, केजी वर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, मनीष, संजय चौधरी, राजेश मौर्या वीरेन्द्र तोमर, राव इकबाल, आशीष अवस्थी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने जयंती पर चौधरी चरण सिंह को किया नमन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधान भवन प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित किया। किसान कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहे चौधरी जी की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के सामने कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को दिए जाने वाले ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# जीएमयू और जिम्स नोएडा करेंगे जीनोम सीक्वेंसिंग, हर जिले में बनेंगे सैंपल सेंटर

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश में कोविड मरीज बढ़े तो केजीएमयू और जिम्स नोएडा जीनोम सीक्वेंसिंग करेंगे। फिर जरूरत के अनुसार लैब की संख्या बढ़ाई जाएगी। जीनोम सीक्वेंसिंग के सैंपल जल्दी लैब पहुंचे, इसके लिए हर जिले में अलग से सेंटर बनाए जाएंगे।

विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि गुजरात और ओडिशा में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मिलने के बाद हर स्तर पर



तैयारी तेज कर दी गई है। अगर मरीजों की संख्या बढ़ी तो केजीएमयू व जिम्स नोएडा के अलावा अन्य चिकित्सा संस्थानों में भी जांच शुरू कराई जाएगी। एसजीपीजीआई, लोहिया संस्थान सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों को तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलों में नोडल अधिकारी भी नामित होंगे। ये अधिकारी जिले से लैब तक सैंपल पहुंचाने और रिपोर्ट हासिल करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। विभाग का मानना है कि इससे जीनोम सीक्वेंसिंग में अगर कहीं नया वैरिएंट मिलता है तो तत्काल उसे नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. लिली सिंह ने बताया कि सभी सीएमओ व सीएमएस को निर्देश दिए गए हैं कि पिछली बार जो कोविड अस्पातल बनाए गए।

# उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिवेश में आया क्रांतिकारी बदलाव

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डा नवनीत सहगल ने कहा कि विगत छःवर्षों में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिवेश मेंक्रांतिकारी बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार पैदा करने में छोटे उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में एमएसएमई तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से तकनीकी रूप से सक्षम युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने की असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा कल्याण विभाग द्वारा पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स और यूपी एंजेल नेटवर्क के साथ मिलकर कौशल के आदान-प्रदान के लिए स्टार्टअप एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया जायेगा, जिससे प्रदेश के नव युवकों को अपने ज्ञानवर्धन और कौशल विकास में मदद मिलेगी अपर मुख्य सचिव ने यह विचार आज दयाल गेटवे, गोमतीनगर में आयोजित ''उत्तर प्रदेश रिटेल फ्रेंचाइज, एमएसएमई और स्टार्टअप एक्सपो-कॉन्क्लेव-2022 में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत छूट देकर प्रोत्साहित भी कर रही है। स्टार्ट-अप के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करके उन्हें रोजगार देने वाला बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है

# आरक्षण को लेकर लखनऊ खंडपीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को होगी सुनवाई

**संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी। खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है।राज्य सरकार ने दाखिल किए गए अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

G20 भारत 2023 INDIA

**उत्तर रेलवे**

**नीलामी सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा दि0 05.01.2023 समय 12:00 Hrs को नीचे लिखे गुड्स माल की नीलामी पी0ओ0एस0 साइडिंग आलमबाग एवं वाराणसी के व्यास नगर के गुड्स सेड में की जायेगी।

| S.No. | Goods Commodities | Auction place |
|---|---|---|
| 1 | SAND | POH siding Alambagh Lucknow |
| 2 | CLINKER | POH siding Alambagh Lucknow |
| 3 | STONE CHIPS | POH siding Alambagh Lucknow |
| 4 | WHEAT | POH siding Alambagh Lucknow |
| 5 | FLY ASH | Vyas Nagar Goods Shed Varanasi |

3424/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## सभ्यताओं के लिए खतरनाक वैश्विक युद्ध की आशंका

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। । इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

## महंगाई का रुख

सार्वजनिक मंचों से ऐसे आदर्शवादी बयान वे अनेक मौकों पर देते आए हैं। मगर धरातल पर नीतिगत प्रयासों के अपेक्षित नतीजे नजर नहीं आते। रिजर्व बैंक ने माना है कि अगर महंगाई की दर को छह फीसद तक सीमित रखने में कामयाबी मिल जाती है, तो अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। मगर इस स्तर पर भी महंगाई को ला पाना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। कुछ हफ्ते पहले ही रिजर्व बैंक को लिखित रूप में सरकार के सामने सफाई पेश करनी पड़ी कि महंगाई को रोक पाने में उससे कहां चूक हुई है। वह कई बार बैंक की रेपो दर में बढ़ोतरी कर महंगाई को रोकने का प्रयास कर चुका है। उसके कुछ सकारात्मक नतीजे जरूर सामने आए हैं, मगर यह कोई भरोसेमंद उपाय साबित नहीं हो पा रहा। उल्टा, इसका बुरा असर कर्ज लेने वालों पर पड़ रहा है। कारोबार, मकान और वाहन के लिए कर्ज लेने वालों ने अपने हाथ रोक लिए हैं। महंगाई के काबू में आने की कोई सूरत नजर नहीं आ रही, फिर भी न जाने किस भरोसे रिजर्व बैंक के गवर्नर इसे काबू में लाने का दम भर रहे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि सरकार मासिक आंकड़ों के आधार पर भविष्य का आकलन करने लगती है। नवंबर महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी दर्ज हुई, तो रिजर्व बैंक के गवर्नर को लगने लगा कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकेगा। हालांकि वे जमीनी हकीकत से अनजान नहीं माने जा सकते। खुदरा महंगाई में इसलिए भी कुछ कमी दर्ज हुई, क्योंकि नवंबर-दिसंबर के महीने में नई फसल तैयार हो जाती है, साग-सब्जियों की पैदावार बढ़ जाती है। इसलिए खाने-पीने की चीजें कुछ सस्ती हो जाती हैं। इसका दूसरा पहलू यह है कि थोक महंगाई का रुख लगातार ऊपर की तरफ बना हुआ है। औद्योगिक उत्पादन घट रहा है। उत्पादन घटने का अर्थ है, महंगाई का बढ़ना। इसलिए टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के स्तर पर देखें, तो महंगाई काफी बढ़ी हुई दर्ज होती है। फिर निर्यात लगातार घट और आयात बढ़ रहा है। यानी घरेलू बाजार सिमटता गया है। ऐसे में केवल मौसमी वस्तुओं की उपलब्धता बढ़ने के कारण कीमतें घटने के आधार पर आया महंगाई का आंकड़ा संतोषजनक नहीं माना जा सकता। महंगाई पर काबू पाने के लिए तेल और ईंधन की कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। मगर एक तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और फिर उत्पादन शुल्क में अपेक्षित कमी न लाए जा पाने की वजह से इसे संतुलित नहीं रखा जा पाता। राज्य सरकारों ने वैट और केंद्र ने उत्पाद शुल्क में कुछ कटौती करके इसे संतुलित करने का प्रयास जरूर किया, पर वह पर्याप्त नहीं साबित हो रहा। इस तरह माल ढुलाई महंगी हो गई है।

# प्राथमिक शाला की दो शिक्षिकाओं के आपसी झगडे

हाल ही में दिल्ली में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां की मॉडल बस्ती स्थित प्राथमिक शाला की दो शिक्षिकाओं के आपसी झगड़े के चलते 5वीं क्लास की बच्ची की जान खतरे में पड़ गई। गीता देशवाल नामक शिक्षिका ने वंदना नाम की बच्ची को पहले कैंची से मारा, फिर पहली मंजिल से फेंक दिया। पुलिस ने फौरन गीता देशवाल को हिरासत में लिया और उस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पीड़ित बच्ची ने अस्पताल में बताया कि गीता ने उस पर पानी की बोतलें फेंकी और फिर उसे पकड़कर उसके बाल काटने लगी, जबकि क्लास में उसने कोई बदमाशी नहीं की थी। गीता देशवाल पर बच्चों को मारने-पीटने के आरोप पहले भी लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसके ऐसे व्यवहार से परेशान होकर कुछ महिलाओं ने उसकी शिकायत भी की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।इस हादसे को बमुश्किल चार ही दिन हुए थे कि कर्नाटक से भी ऐसे ही वाकये की खबर आ गई। इस सूबे के गडग जिले में हगली गांव के आदर्श प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक मुथप्पा ने चौथी क्लास के भरत नामक छात्र को फावड़े से पीटा, फिर उसे स्कूल की पहली मंजिल की बालकनी से धक्का दे दिया। इससे

**गीता देशवाल नामक शिक्षिका ने वंदना नाम की बच्ची को पहले कैंची से मारा, फिर पहली मंजिल से फेंक दिया। पुलिस ने फौरन गीता देशवाल को हिरासत में लिया और उस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पीड़ित बच्ची ने अस्पताल में बताया कि गीता ने उस पर पानी की बोतलें फेंकी और फिर उसे पकड़कर उसके बाल काटने लगी, जबकि क्लास में उसने कोई बदमाशी नहीं की थी। गीता देशवाल पर बच्चों को मारने-पीटने के आरोप पहले भी लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसके ऐसे व्यवहार से परेशान होकर कुछ महिलाओं ने उसकी शिकायत भी की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई इस हादसे को बमुश्किल चार ही दिन हुए थे कि कर्नाटक से भी ऐसे ही वाकये की खबर आ गई।**

छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के परिवार की शिकायत पर मुथप्पा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल वह फरार है। पुलिस के मुताबिक मुथप्पा संविदा पर नियुक्त था और उसने भरत की माँ की भी पिटाई की थी, जो उसी स्कूल में एक शिक्षिका है। फिलहाल उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मुथप्पा की तलाश और पिटाई का कारण पता करने में जुटी है। हालांकि इस हादसे की वजह मुथप्पा और भरत के परिवार में कोई रंजिश मानी जा रही है।

हजारों किलोमीटर की दूरी पर स्थित देश के दो कोनों में कुछ ही दिनों के अंतराल से बच्चों के साथ एक जैसी घटनाएं होना एक दुखद और आश्चर्यजनक संयोग ही कहा जा सकता है। मुमकिन है कि मुथप्पा ने दिल्ली की घटना के बारे में पढ़ा या सुना हो और उससे दुष्प्रेरणा ग्रहण कर ली हो। हालांकि बच्चों के साथ हिंसा, उनका यौन शोषण या किसी और तरह से बाल अधिकारों की अवहेलना हमारे यहां कोई नई चीज नहीं है। कभी माँ-बाप की मर्जी से न चलने पर, कभी उनकी उम्मीदें पूरी न होने पर और कभी रोटी या मिठाई का एक टुकड़ा उठा लेने पर ही बच्चे अमानवीय प्रताड़ना का शिकार हो जाते हैं। घर-परिवार के ही किसी व्यक्ति द्वारा किसी बच्चे को हवस पूरी करने का साधन बना लेना आम बात है। दिल्ली और कर्नाटक में तो वे शिक्षक - जिन्हें माँ-बाप के बराबर माना जाता है, हैवानियत पर उतर आए।गौरतलब है कि भारत ने बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के उस कन्वेंशन (1992) पर दस्तखत किए हैं, जिसमें बच्चों को सभी प्रकार के शारीरिक शोषण से बचाने के उपायों पर जोर दिया गया है और सदस्य देशों पर किसी भी शारीरिक या मानसिक हिंसा, चोट या दुरुपयोग से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी लागू की गई है। इस कन्वेंशन से बहुत पहले हमारे संविधान में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार और गरिमा के साथ जीवन के अधिकार को शामिल किया गया है। बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत भी शारीरिक दंड को शिक्षा के अधिकार के साथ-साथ सम्मान के साथ जीवन के अधिकार का उल्लंघन बताया गया है। अप्रैल 2013 में बच्चों के लिए अपनाई गई राष्ट्रीय नीति भी उनके खिलाफ होने वाली श्सभी प्रकार की हिंसाश् से सुरक्षा देने की बात करती है, खास तौर पर स्कूल में बच्चे को शारीरिक दंड से सुरक्षा प्रदान करती है। पिछले साल मद्रास हाईकोर्ट ने शारीरिक दंड पर हैरानी जताई थी और कहा था कि तमाम कानूनी बंदिशों के बावजूद देश भर के स्कूलों और संस्थानों में बच्चों को शारीरिक



दंड दिया रहा है। अदालत उस मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक बच्चे को देर से स्कूल आने पर शारीरिक दंड दिया गया था और उसकी मौत हो गई थी। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट में पाया गया कि मौत कुदरती वजहों से हुई थी। न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने कहा कि किसी बच्चे को शारीरिक दंड देना, दुरूखद और अमानवीय प्रवृत्ति है। विद्वान न्यायाधीश ने उस शोध का भी उल्लेख किया, जिसके मुताबिक शारीरिक दंड के नतीजे गंभीर रूप से नकारात्मक होते हैं क्योंकि बच्चों के दिल-दिमाग पर इसका गलत असर होता है और उनमें हिंसक भावनाएं पनपती हैं। अदालत ने अंत में आरोपियों को बच्चे के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा देने के निर्देश दिए। ऐसा नहीं हो सकता कि स्कूलों के प्रबंधन और शिक्षकों को बच्चों से जुड़ी नीतियों और नियमों की जानकारी न होती हो और बच्चों की सजा को लेकर दिए गए अदालती फैसले उनके कानों तक न पहुंचते हों। इसके बावजूद अगर किसी शिक्षक के हाथों किसी बेकसूर बच्चे की जान जाने की नौबत आ रही हो तो शिक्षा तंत्र को चलाने वालों को तुरंत चौकन्ना हो जाना चाहिए। शिक्षकों की ठेके पर नियुक्ति और पढ़ाना छोड़कर उन्हें दस तरह के कामों में जोतना बंद होना चाहिए। चिलचिलाती धूप या घनघोर बारिश में सड़क पर ट्राफिक संभालने वाले पुलिसकर्मियों की जिस्मानी और दिमागी सेहत की जैसी फिक्र हाल के बरसों में की जाने लगी है, वैसी ही फिक्र की जरुरत हमारे शिक्षकों के लिए भी है। कोई भी गुरु अपने विद्यार्थियों को गोविन्द के पैर छूने की सीख तभी दे सकता है, जब वह खुद कुंठाओं और परेशानियों से मुक्त हो।

# मोटे अनाजों को पोषण का शक्ति केंद्र कहा जाता

**मोटे** अनाजों को पोषण का शक्ति केंद्र कहा जाता है। पोषक अनाजों की श्रेणी में ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, चीना, कोदो, सावा और चीलाई प्रमुख है। पौष्टिकता से भरपूर मोटा अनाज सेहत के लिए रामबाण है। रेशे और कई पौष्टिक तत्वों से भरपूर मोटा अनाज शुगर, हार्ट, लिवर, ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए रामबाण साबित हो रहा है। कोलेस्ट्रॉल स्तर सुधारते हैं। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्व, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं की पोषण में विशेष लाभप्रद है। मिलेट्स के उपयोग से दलिया, खीर, रोटी, कुकीज, पुलाव, डोसा, पास्ता आदि कई प्रकार की चीजें बनाई जा सकती हैं। इसके उत्पादन पर दुनिया के 70 देशों का समर्थन मिला है। निःसंदेह मोटे अनाज एक कारगर औषधि साबित हो सकती है। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक स्थान प्रणाली प्रदान करता है। इन खूबियों के कारण सरकार अब इसकी पैदावार पर जोर भी दे रही है। मोटे अनाज की मांग तेजी से बढ़ने के कारण कंपनियां भी इसके फायदे बताकर इनकी अच्छी कीमतों पर बिक्री कर रही है। देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद इसका हर तरफ अधिकतम उपयोग होने लगा। मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया। हालांकि तकनीक और अन्य सुविधाओं के दम पर पांच दशक पहले की तुलना में प्रति हेक्टेयर

**पौष्टिकता से भरपूर मोटा अनाज सेहत के लिए रामबाण है। रेशे और कई पौष्टिक तत्वों से भरपूर मोटा अनाज शुगर, हार्ट, लिवर, ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए रामबाण साबित हो रहा है। कोलेस्ट्रॉल स्तर सुधारते हैं। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्व, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं की पोषण में विशेष लाभप्रद है। मिलेट्स के उपयोग से दलिया, खीर, रोटी, कुकीज, पुलाव, डोसा, पास्ता आदि कई प्रकार की चीजें बनाई जा सकती हैं। इसके उत्पादन पर दुनिया के 70 देशों का समर्थन मिला है। निःसंदेह मोटे अनाज एक कारगर औषधि साबित हो सकती है। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक स्थान प्रणाली प्रदान करता है।**

मोटे अनाजों की उत्पादकता बढ़ गई है। लेकिन इनका रकबा तेजी से घटा है और इनकी पैदावार कम हो गई है। भारत में सदियों से मोटे अनाज का उत्पादन होता रहा है। इसकी वजह यह है कि इसकी उत्पादन लागत कम होती है। अधिक तापमान में खेती संभव है। मोटे अनाज किसान



हितैषी फसल हैं। इनके उत्पादन में पानी की कम खपत और कम कार्बन उत्सर्जन होता है। इससे उन जगहों का बढ़ावा दिया जाएगा, जहां पानी का संकट है, जिससे कि भूजल का दोहन कम हो और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल भी रुके। साथ ही कम उपजाऊ भूमि में इसका उत्पादन हो सकता है। इसके अलावा कीटनाशकों की कम जरूरत होती है और किसान रासायनिक खादों से परहेज करते हुए कंपोस्ट खाद से बीज का उत्पादन कर सकते हैं। मोटा अनाज की अहमियत दुनिया जान चुकी है। इसी कारण वर्ष 2018 को नेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप मे मनाया गया। वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स यानी कि मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। मोटे अनाज के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए नए साल में कृषि विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित कर अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत किसानों को निःशुल्क और अनुदान पर फसलों के बीज वितरित किए जाएंगे। खरीफ सीजन में इसकी बुवाई होगी। अक्टूबर तक फसल तैयार हो जाएगी। कृषि विभाग किसानों को उपज की बिक्री में भी सहयोग करेगा।मोटे अनाजों को पोषण का पावर हाउस कहा जाता है। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्व, विटामिन एवं खनिजों का भंडार है। मोटे अनाज के उत्पादन में पानी की कम खपत होती है। कम कार्बन उत्सर्जन होता है। इसे शुष्क क्षेत्रों में भी उगाया जा सकता है। इनकी खेती सस्ती होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है। लंबे समय तक संग्रहण योग बने रहते हैं।

भारत के अधिकांश राज्य एक या अधिक मोटे अनाजों उगाते हैं। अप्रैल 2018 से सरकार देश भर में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। मोटे अनाजों के उत्पादन और निर्यात में पूरी दुनिया में भारत पहले क्रम पर है। बाजरा भारत मे सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला मिलेट्स है। इसमे चावल की अपेक्षा 8 गुना अधिक आयरन पाया जाता है। बाजरे की तासीर गरम होती है। इसे सरदी के मौसम मे खाया जाता है। यह पोटेशियम, मेग्नीशियम, आयरन, जिंक, फास्फोरस, कॉपर तथा विटामिन ए का अच्छा स्रोत है। साथ ही इनका स्वाद भी अच्छा होता है। उन्हें सप्ताह मे तीन दिन अपने भोजन मे जरूर शामिल करना चाहिए। यह घास की प्रजाति का अनाज होता है।

## आलेख

# धर्म परिवर्तन पर रोक क्यों?

वर्तमान में आर.एस.एस. धर्म परिवर्तित हिन्दुओं को घर वापसी के बहाने जबरन हिन्दू बनाने पर तुली हुई है. पर वे कभी भी ईमानदारी से इस सच्च को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि इन लोगों ने हिन्दू धर्म उन के जातिगत अत्याचारों और भेदभाव के कारण ही छोड़ा था और आगे भी छोड़ते रहेंगे. हमारे देश में प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्राप्त है. वह कोई भी धर्म छोड़ने या धारण करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र है. डॉ. आंबेडकर के अनुसारे धर्म एक कपड़े की तरह है जिसे कभी भी बदला जा सकता है, फेंका जा सकता है. उनकी यह अवधारणा भी बहुत सही है कि धर्म मनुष्य के लिए है न कि मनुष्य धर्म के लिए. डॉ. आंबेडकर का यह भी कहना था कि जो धर्म व्यक्ति को जन्म से नीच बना कर रखे वह धर्म नहीं बल्कि गुलाम बनाए कर रखने का षड्यंत्र है. आर.एस.एस. कानून बना कर धर्म परिवर्तन को इस लिए रोकना चाह रही है क्योंकि दलित और निचली जातियों के लोग हिंदुओं के अत्याचार से दुखी होकर हिन्दू धर्म छोड़ रहे हैं जिस से हिंदुओं की आबादी लगातार कम हो रही है. विदेशों में बसे हिंदुओं की बड़ी संख्या भी हिन्दू धर्म छोड़ रही है. हिंदुओं की असली चिंता हिन्दू धर्म नहीं बल्कि उन के धर्म से तेजी से हो रहा पलायन है. वैसे भी इस नरक में कौन नीच बन कर रहना चाहेगा? हिंदुओं की असली चिंता हिन्दू धर्म नहीं बल्कि जाति व्यवस्था से दुखी हो कर इसे छोड़ने के कारण निरंतर घट रही आबादी है. पिछले 60 वर्षों में डॉ. आंबेडकर के आवाहन पर लाखों लाखों दलितों ने हिन्दू धर्म को छोड़ कर बौद्ध धम्म में अपनी वापसी की है क्योंकि डॉ.

**हमारे देश में प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्राप्त है. वह कोई भी धर्म छोड़ने या धारण करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र है. डॉ. आंबेडकर के अनुसारे धर्म एक कपड़े की तरह है जिसे कभी भी बदला जा सकता है, फेंका जा सकता है. उनकी यह अवधारणा भी बहुत सही है कि धर्म मनुष्य के लिए है न कि मनुष्य धर्म के लिए. डॉ. आंबेडकर का यह भी कहना था कि जो धर्म व्यक्ति को जन्म से नीच बना कर रखे वह धर्म नहीं बल्कि गुलाम बनाए कर रखने का षड्यंत्र है. आर.एस.एस. कानून बना कर धर्म परिवर्तन को इस लिए रोकना चाह रही है।**

आंबेडकर के अनुसार वर्तमान अछूत पूर्व में बौद्ध थे और हिंदुओं ने उन्हें जबरदस्ती अछूत बनाया था और उन्हें निकृष्ट पेशे करने के लिए बाध्य किया था. अब दलित हिंदुओं द्वारा अपने ऊपर किये गए अत्याचारों से पूरी तरह अवगत हो चुके हैं और वे पुनः हिन्दू धर्म के नरक में जाने के लिए तैयार नहीं हैं. बाबासाहेब ने उन्हें बौद्ध धम्म का मुक्ति मार्ग दिखा दिया है जिस पर वे तेजी से अग्रसर हो रहे हैं. यह देखा गया है कि जिन जिन राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में धर्म परिवर्तन सम्बन्धी कानून बना है उस का हिन्दुत्ववादी खुल कर दुरूपयोग करते हैं और उस में उन्हें हिंदुत्व मानसिकता से ग्रस्त प्रशासन का पूरा सहयोग रहता है. इस का सब से ताजा उदाहरण गुजरात है जहाँ कुछ समय पहले मोदी राज में दलितों द्वारा धर्म परिवर्तन समारोह आयोजित करने में प्रशासन द्वारा कितनी बाधाएं पैदा की गयी थीं. परंतु इसके बावजूद दलितों ने बहुत बड़ी संख्या में दलितों ने हिन्दू धर्म त्याग कर बौद्ध धम्म में वापसी कि थी. अतः धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने सम्बन्धी यदि कोई कानून बनता है तो उसका सब से बड़ा खामियाजा दलितों को ही भुगतना पड़ेगा क्योंकि उन के बौद्ध धम्म आन्दोलन पर भी रोक लग जायेगी. यह भी एक ऐतिहासिक सत्य है कि शायद कुछ लोग ही होंगें जिन्होंने दबाव अथवा लालच में धर्म परिवर्तन किया हो. वरना सभी लोगों ने स्वेच्छा से ही धर्म परिवर्तन किया है. यदि यह सत्य भी है तो हिन्दू भी इस का अपवाद नहीं हैं. कौन नहीं जानता कि हिंदुओं ने बौद्धों का कितना कत्ल-ए-आम किया है और उन्हें जबरन हिन्दू बनाया है।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृषभः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**मिथुनः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।


**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**मीनः-** माता लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

गलत तरीकों से सफल होने से कई गुना बेहतर है, सही तरीके अपनाकर असफल हो जाना।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल से छूटी महिला ने युवक को फंसाया, हनीट्रैप में फंसाकर 30 लाख ठगे

**बांदा।** जिले में एक ब्यूटी पार्लर की संचालिका ने लखनऊ के एक युवक को हनीट्रैप का शिकार बनाया और उससे धीरे-धीरे करके करीब 30 लाख रुपए ऐंठ लिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत होने के बाद महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। इसी महिला का शिकार हुए एक सर्राफा व्यवसायी ने 7 महीने पहले आत्महत्या कर ली थी। इसमें इस महिला को इसके प्रेमी के साथ पुलिस ने जेल भेजा था। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि महिला ने फेसबुक के जरिए युवक को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती गईं। इसी दौरान महिला ने चालाकी से युवक के कई आपत्तिजनक वीडियो बना लिए और फिर इसके बाद युवक को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। हनीट्रैप में फंसे इस युवक ने धीरे-धीरे लगभग 30 लाख रुपए अपने खाते से युवती के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी युवती द्वारा लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। इससे तंग होकर युवक ने शहर कोतवाली में 10 दिन पहले मुकदमा पंजीकृत कराया था। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक गुरुवार को महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार की गई महिला राहिला बेगम शहर कोतवाली अंतर्गत जरैली कोठी मोहल्ले की रहने वाली है। गिरफ्तारी के बाद महिला को जेल भेज दिया गया। बता दें कि 7 मई 2022 को इसी महिला ने शहर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी शैलेश जडिया को हनीट्रैप का शिकार बनाया था। महिला की धमकी से परेशान होकर व्यवसायी ने आत्महत्या कर ली थी।

### खाद न मिलने पर किसानों का हंगामा, विधायक ने सोसायटी सचिव को लगाई फटकार

**बांदा।** जनपद के बबेरू क्षेत्र में इस समय खाद की मारामारी से किसान परेशान है। किसान सैकड़ों की संख्या में खाद के लिए सुबह से ही लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं। लेकिन किसानों को खाद समय से नहीं मिल पाती है। जिससे आज किसानों ने बबेरू में बनी सोसाइटी पर हंगामा किया है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्रीय विधायक पहुंच गए, और सचिव से बात कर किसानों को लाइन में खड़ा करवा कर खाद दिलवाई है। मामला बबेरू कस्बे के सहकारी समिति का है। जहां पर किसान खेत की बुवाई को लेकर खाद के लिए परेशान हैं। सुबह से घंटों खाद के लिए किसान लाइन लगाकर खड़े हो जाता है। लेकिन सहकारी समिति के सचिव के द्वारा किसानों को परेशान किया जाता है। जिससे आज किसान हंगामा काटने लगे। वहीं हंगामा की स्थिति की जानकारी मिलते ही बबेरू क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव पहुंचकर किसानों से बातचीत किया। उसके बाद सहकारी समिति के सचिव को कड़ी फटकार लगाई। किसानों को लाइन में खड़ा करवा कर खाद दिलवाने का काम किया। वहीं विधायक विशंभर सिंह यादव ने बताया कि सरकार किसानों के हितैषी नहीं है। प्रति किसान 2 बोरी खाद के साथ एक बोतल 220 की कीमत की नैनो यूरिया दे रहे हैं। किसान उसको पसंद नहीं कर रहा। किसान कई हफ्तों से सोसाइटी के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनको खाद समय से नहीं दिया गया। जिसमें एक ट्रक नगद और एक ट्रक खाताधारकों को बांटी जा रही है। वहीं सोसायटी सचिव का कहना है, कि हमारा क्षेत्र खाद का पैसा जमा है। खाद नहीं दी जा रही है। जिससे विधायक के द्वारा जिलाधिकारी व कृषि अधिकारी से बात की उन्होंने जल्द से जल्द खाद भिजवाए जाने की बात कही है। वही सभी किसानों को भरोसा दिया कि हम आपकी लड़ाई लड़ेंगे आपको खाद दिलवाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, सपा नेता छेदीलाल गुप्ता, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल, ज्ञान सिंह, विमल यादव, बृज मोहन यादव, राममिलन फौजी, शाहनवाज खान सानु सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### कालपी में कोहरे से बढ़ेगा मटर का उत्पादन,किसानों के खिले चेहरे

**उरई/जालौन।** पिछले दो दिनों से लगातार पड़ रहे कोहरे की धुंध ने मटर किसानों के चेहरों की रौनक लौटा दी है। स्थिति यह है कि धूप की वजह से मायूस किसानों को एक बार फिर अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि अगर एक दो सप्ताह तक ऐसे ही कोहरा पड़ा तो निश्चित तौर पर फसल अच्छी होगी। रबी की फसल के दौरान मौसम ने एक बार फिर किसानों को दगा दे दिया था। स्थिति यह रही कि सर्दी बिना कोहरे के ही निकलती जा रही थी। आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें बढ़ थी, लेकिन पिछले दो दिनों से कोहरा पड़ने से न सिर्फ मटर किसानों के चेहरे पर रौनक लौटा दी बल्कि मौसम के बदलाव से एक बार फिर ठंड बढ़ गई। ठंड बढ़ते ही पहली बार इस साल कोहरे की धुंध देखने को मिली। दो तीन दिन से क्षेत्र में पड़ रहे कोहरे से मटर किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। किसानों का मानना है कि कोहरा पड़ने से फसल में दाना बढ़ेगा, जिससे उनका उत्पादन अधिक होगा । किसान अनीश खान, परमलाल, मइयादीन, हीरा सिंह, नृपत आदि का कहना है कि कोहरा न पड़ने की वजह से किसानों को चिंता सता रही थी परन्तु कोहरे की धुंध ने किसानों की इस चिंता को भी खत्म कर दिया और किसान काफी खुश हैं। किसान परमलाल राजपूत ने बताया गेहूं, सरसों व चना आदि की फसल का बीज अंकुरित होकर जमीन से ऊपर आने पर फसल में पानी देना जरूरी हो जाता है। एक बार पानी देने पर कोहरे के छा जाने पर खेत की नमी कई दिनों तक बनी रहती है। उसका किसानों को भरपूर लाभ मिलता है। किसान आनन्द राजपूत बताते हैं कि फसल के ऊपर लगातार कोहरे के बादल छाए रहने से फसल में किसी भी प्रकार के रोग नहीं लगते। पौधों की शाखाओं में वृद्धि होने से उत्पादन बढ़ता है। इससे किसानों को दोगुना लाभ मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है।

### छात्रा ने किया सुसाइड,घर में कमरे के अंदर लगाई फांसी, मां ने देखा शव

**उरई/जालौन।** जालौन में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाली 18 साल की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली वो मौके पर पहुंची। जहां मामले की जांच करते हुए शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारण जानने में जुटी है। घटना कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मकटोरा की है। यहां के रहने वाले राजू दोहरे की 18 साल की बेटी सरिता दोहरे ने संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार सुबह दुपट्टा से फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना को सरिता ने तब अंजाम दिया जब घर के लोग सुबह अपने अपने कामों में व्यस्त थे। जैसे ही लड़की की मां कमरे में गई और उसने सरिता को फंदे पर झूलता देखा, वो चीखने लगी। आवाज सुनकर परिवार के और लोग भी मौके पर आ गए। जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों के साथ परिजनों की भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने फांसी पर झूलती हुई सरिता के शव को नीचे उतारा। साथ ही मामले की जांच करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरिता के पिता राजू का कहना है, उसकी लड़की कक्षा बारहवीं में पढ़ती थी। आत्महत्या किन कारणों से की है घर में किसी को जानकारी नहीं है। वहीं पुलिस इस मामले की छानबीन में जुटी है कि आत्महत्या का कारण क्या है।

### यूपी 112 की गाड़ी धक्के का शिकार, सेल्फ नहीं कर रहा काम

**उरई/जालौन।** यूपी में अखिलेश सरकार ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए डायल 100 सेवा शुरू की थी और इस सेवा का मकसद था कि कहीं भी कोई घटना घटे 10 मिनट में पुलिस सेवा के लिए पहुंचेगी, लेकिन योगी सरकार ने इसका नाम बदलकर यूपी 112 कर दिया, नाम जरूर बदल गया लेकिन मेंटीनेंस के नाम पर गाड़ियों की हालत जस की तस बनी हुई। यूपी 112 गाड़ी की खस्ता हालत जालौन के कालपी में देखने को मिला, जहां पुलिस की डायल 112 सेवा धक्का प्लेट बनकर रह गई है। घटना की सूचना मिलने के पर पीआरबी गाड़ी को जाना था मगर गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई तो सिपाहियों ने स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को धक्का देकर स्टार्ट कराया।

# केजीएमयू के कॉन्वोकेशन में राज्यपाल ने 41 स्टूडेंट्स को दिए मेडल

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी के सबसे बड़े चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू यानी किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का 18वां दीक्षांत समारोह शुरू हो गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कॉन्वोकेशन में 41 मेधावियों को मेडल दिए। मेडल पाने वालों में 23 लड़कियां और 18 लड़के हैं। 20 गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल एमबीबीएस के मेधावियों को दिए गए। 10 गोल्ड मेडल और चार सिल्वर मेडल डेंटल फैकल्टी के स्टूडेंट्स को दिए गए। इसके अलावा रिटायर्ड सीनियर फैकल्टी डॉ. एसके दास को एमिनिएंट फैकल्टी मेडल से नवाजा गया। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। जलाभिषेक कर दीक्षांत समारोह की शुरुआत हुई। राष्ट्रपति और पीएम के डेंटल सर्जन डॉ. अनिल कोहली को डी-एससी की

- ●मेडल पाने वालों में 23 लड़कियां और 18 लड़के हैं
- ●20 गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल एमबीबीएस के मेधावियों को दिए गए

उपाधि दी गई। डॉ. अनिल कोहली ने कहा कि मैं यहीं के क्वीन मेरी में पैदा हुआ। यहीं पढ़ने का अवसर मिला। मैं गाजियाबाद के नजदीक हापुड़ का रहना वाला हूं। छोटी-सी जगह से निकल कर यहां तक पहुंचना मेरे लिए यह बड़ी उपलब्धि है। मेरी मां इस अवसर पर जरूर मुस्कुरा रही होंगी। मैं आर्मी में जाना चाहता था, पर फ्लैट फुट के कारण यूजीीं जा सका। हालांकि 30 साल बाद मैंने आर्मी के लोगों को लिए डेंटल कॉलेज सेटअप किया तो पूर्व राष्ट्रपति ने मुझे ब्रिगेडियर की उपाधि दी। तमाम



अवार्ड मुझे मिले, पर जहां पैदा हुआ और जहां पढ़ा वहां अवार्ड पाना बेहद खास हैं। अमेरिकन बेस्ड टॉप फिजिशियन डॉ. मोन जैदी को डी-एससी की उपाधि दी गई। डॉ. मोन ने कहा, मैं 1971 बैच का स्टूडेंट रहा। हमेशा बैक बेंचर रहा। ब्राउन हॉल में सबसे पीछे ही बैठता था। मैं भी क्वीन मेरी में पैदा हुआ। आईआईटीआर के फाउंडिंग डायरेक्टर रहे मेरे पिता भी यहीं से 1950 में पास आउट हुए थे। पिता ही मेरे रोल मॉडल रहे। 1984 में जब मैं पीएचडी करने लंदन जा रहा था तो यह बड़ा स्टेप था। डर था कि हो सकता हैं मैं सफल न होता। लेकिन, केजीएमयू के बैकग्राउंड की बदौलत मैं सफल रहा। मेरी यही राय कि मेंटर जरूर बनाएं। 27 साल में यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में लेक्चरर बनाया गया, जो एक यंगेस्ट लेक्चरर के रूप में आज भी एक रिकॉर्ड है। केजीएमयू के सबसे प्रतिष्ठित चांसलर, हीवेट और यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल एमबीबीएस की महविश अहमद को मिले। बीते साल यह तीनों मेडल छात्र उजैर ने अपने नाम किए थे। महविश को दीक्षांत में 13 गोल्ड मेडल, दो बुक प्राइज और दो सिल्वर मेडल मिले। एमबीबीएस के दीपक बंसल को छह गोल्ड और एक सिल्वर मेडल मिला। अदिति चंद्रा को एक गोल्ड मेडल मिला। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा, मैंने आज तक जितने भी कॉन्वोकेशन अटेंड किए हैं, उन सभी मे हमेशा लड़कियों ने ही मैदान मारा। यहां भी लड़कियां ही आगे रहीं। सबसे पहले स्टूडेंट्स के माता-पिता को धन्यवाद देना चाहूंगी कि उयूजीोंने अपने बच्चों को इस क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए भेजा। सभी पास आउट होने वाले स्टूडेंट्स से सबसे पहले यही कहना हैं कि जीवन में कभी भी मां-बाप को भूलना यूजीीं। 100 साल से ज्यादा सालों से संस्थान का रहना ही दिखाता है कि किस स्तर का यह चिकित्सा संस्थान है। आज भी यह आगे सही दिशा में बढ़ रहा है, यह अच्छी बात है।

## झूले लाल पार्क के गार्ड रूम में लगी आग, बड़ा हादसा टला

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में गोमती तट किनारे झूलेलाल पार्क में बने गार्ड रूम में शुक्रवार तड़के आग लग गई। देखते-देखते आग विकराल हो गई। चौक और हजरतगंज फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। समय पर आग पर काबू पाने से कुछ ही दूरी पर स्थित मेला स्थल में लगी सैकड़ों दुकानें जलने से बच गईं। दमकल कर्मियों के मुताबिक ठंड के चलते गार्ड रूम के बाहर अलाव जल रहा था। जहां कुछ लोग आग ताप रहे थे। उयूजीोंने जाने के बाद भी आग को बुझाया यूजीीं। जिसके कारण पास ही भूविसर्जन के लिए ढेर में मूर्तियां की चुनरी में अलाव से आग लग गई। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की विकराल लपटे और भीषण धुआं देखकर मेला स्थल

- ●समय पर आग पर काबू पाने से कुछ ही दूरी पर स्थित मेला स्थल में लगी सैकड़ों दुकानें जलने से बच गईं

में लगी दुकानों में सो रहे लोग चीख-पुकार करने लगे। सूचना पर पहुंचे एफएसओ चौक आरके यादव, हजरतगंज एफएसओ रामकुमार रावत, फायर मैन ओमकार नाथ राव ने दमकल कर्मियों की मदद से घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। एफएसओ आरके यादव के मुताबिक समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था। कोई हताहत यूजीीं हुआ है। आग पर अगर समय से काबू न पाया जाता तो लपटें मेला स्थल तक पहुंच सकती थीं। आग अगर वहां पहुंचती तो हादसा बड़ा होता।

## छात्र ने 3 पन्नों का सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाई

**जवाहरलाल नेहरू युवा कौशल केंद्र के ट्रेनर और सीनियर्स पर प्रताड़ित करने की बात लिखी**

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में 21 साल के छात्र जयदीप यादव ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। कमरे से 3 पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने जवाहरलाल नेहरू युवा कौशल केंद्र के ट्रेनर और सीनियर्स पर प्रताड़ित करने की बात लिखी है। मृतक के पिता संत कुमार यादव ने सुसाइड नोट के आधार पर बुधवार को जवाहरलाल नेहरू युवा कौशल केंद्र के ट्रेनर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला मंगलवार रात का इंदिरा नगर थाना क्षेत्र की शिवपुरी कॉलोनी का है। सुसाइड नोट में उसने बताया कि कई दिनों से मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था। सीनियर कुछ यूजीीं करते, बजाय मुझे पागल बनाने की कोशिश करते हैं। मूर्ख कहते हैं। कमरे में बंद कर लड़कों ने मारा-पीटा। गालियां दीं। बोले- तुम यहां से



चल कर जाने लायक यूजीीं रहोगे। पागल-खाने भेजने की धमकी दी। जेल भेजने की धमकी दी। ऊं नमः शिवाय... मैं अपने पूरे होशो हवास में अपनी बात लिख रहा हूं कि पिछले कई दिनों से मुझे मानसिक रूप से परेशान किया जाता है। वहां के सीनियर कुछ यूजीीं करते, मुझे पागल बनाने की कोशिश की जाती है। मुझे बेवकूफ मूर्ख भी कहा जाता है। उस दिन मुझे पहले कुछ बुरे और नशेड़ी, गंजेड़ी, शराबी लड़कों ने बिना बात के ही मारना-पीटना शुरू कर दिया। जब मैंने अपने बचाव में उनसे लड़ने लगा तभी टाइम सेंटर के स्टाफ और हेड ने मिलकर मुझे एक रूम में बंद कर दिया। मुझे डराने-धमकाने लगे। मुझे मारने की धमकी देने लगे और कहने लगे कि तुम यहां से चलकर यूजीीं जा पाओगे। मुझे पागल साबित कर पागलखाना भेजने की धमकी दे रहे थे। जेल भेजने की धमकी दे रहे थे। टीचर भी कुछ यूजीीं कहते। उनके साथ खाते-पीते और घूमते थे। वही लड़के उयूजीों अच्छे लगते थे। उनके सामने गलत हो रहा तो भी वो देख कर कुछ यूजीीं कहते। गंदी गंदी गालियां देते थे। कुत्ता-कमीना कह के जलील करते थे। वह हर बात पर सिर्फ हंसते थे और मजा लेते थे। हां, मुझे वह अच्छे लगते हैं और मैं उनकी इज्जत करता था, लेकिन उयूजीों मेरी कोई परवाह यूजीीं थी। मुझे लगता था कि यह कैसा टीचर है जो क्लास में बैठे हैं, वह गलत और जिनके साथ घूम टहल रहे हैं वे सही हैं। उनकी नजरों में केवल वही सही चाहे कुछ भी हो और उनका नाम मेरे प्यारे मिस्टर राजेंद्र सिंह ठाकुर जी है जो मेरे सर जी हैं। जो मुझे पहली नजर में बहुत अच्छे लगे और उनके दिल में मेरे लिए बहुत ज्यादा इज्जत थी। लेकिन, वह शायद मुझे समझ यूजीीं सके और हमेशा उनके लिए गलत बना रहा। कभी उनके सामने सही यूजीीं बन सका। चेहरे, सिर, गर्दन और कान पर मुझे तेज से मारा करते थे। मुझे बहुत दर्द होता था। मेरी खोपड़ी फटती थी। मैं तो सब से दोस्ती करना चाहता था और करता भी था। मेरा विश्वास लड़ाई-झगड़ा, गाली गलौज में यूजीीं था। लेकिन, उयूजीोंने मुझे बहुत परेशान और विवश कर रखा था। मेरी मृत्यु का सबसे बड़ा कारण मेरे प्यारे मिस्टर राजेंद्र सिंह ठाकुर जी और सेंटर हेड नीरज पटेल हैं। वह सेंटर हेड हैं तो क्या कुछ भी करेंगे। मेरा निवेदन है कि प्लीज मेरे शरीर को चीरा-फाड़ा न जाए। यही मेरी अंतिम इच्छा है।

## कार की टक्कर से मूंगफली विक्रेता घायल, कार चला रहा सिपाही अरेस्ट

**राहगीरों ने कार चालक और उसमें सवार सिपाही को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया**

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर गुरुवार देर रात कार की टक्कर से मूंगफली विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार उसके ठेला में टक्कर मारते हुए डिवाइडर तोड़ती हुई दूसरी तरफ पहुंच गई। राहगीरों ने कार चालक और उसमें सवार सिपाही को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। बंथरा इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्र ने बताया कि गुरुवार देर रात बंथरा बजार के बास कानपुर से लखनऊ जा रही कार ने एक मूंगफली ठेले में टक्कर मार दी। जिससे मूंगफली विक्रेता दिनेश राठौर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दिनेश और कार चालक सूरज द्विवेदी को अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में सामने आया है कि कार चालक सूरज और उसमें सवार सिपाही ब्रजेश कुमार मौर्या नशे में थे। इसके चलते हादसा हुआ। दोनों का मेडिकल परीक्षण के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही कार को कब्जे में ले लिया गया। ब्रजेश कुमार मौर्या लखनऊ में 112 में तैनात है। उसकी गिरफ्तारी की रिपोर्ट बनाकर कानपुर कमिश्नरेट और संबंधित विभाग को भी सूचित करने की प्रक्रिया की जा रही है। बंथरा में कार की टक्कर से युवक के घायल होने का शुक्रवार सुबह वीडियो वायरल होने लगा। इसमें कार सवार सिपाही घटना के बाद लगातार लोगों को घायल का इलाज कराने और घायल के उल्टी दिशा में ठेला लाने से हादसा होने की बात दोहराता रहा। उसने लोगों कानपुर से लिफ्ट लेकर आने की बात कही और चालक की घटना में कोई भी लापरवाही होने से इनकार किया।

### खाद की किल्लत से किसान परेशान, किसान बोले जनपद में हो रही यूरिया की कालाबाजारी

**उरई/जालौन।** सूखा, बाढ़ और अब यूरिया खाद की समस्या से बुंदेलखंड का किसान जूझ रहा है। यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा भरपूर यूरिया उपलब्ध होने के दावे किए जा रहे हैं, मगर हकीकत कुछ और ही सामने आ रही है। जालौन के कई सहकारी केंद्रों पर यूरिया न होने से किसान परेशान घूम रहा है। कई सेंटर ऐसे हैं, जहां यूरिया पहचान वालों को ज्यादा और लाइन में घंटो लगने के बावजूद भी जरूरतमंद किसानों को कम दी जा रही है। जिससे किसान परेशान हो रहा है। वही किसानों की इस समस्या को देखते हुए प्राइवेट दुकानदार महंगी खाद बेच रहे है और इसकी कालाबाजारी हो रही है।

## सीओ के नेतृत्व में पुलिस की पैदल गस्त, सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटवाया

**बांदा।** बबेरू कोतवाली पुलिस द्वारा बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में कस्बे पर पैदल गस्त किया गया। वहीं लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ठंड के सीजन में सभी लोग रात्रि में अच्छे से दरवाजा लगाकर सोएं ,ताकि चोरी होने से बच सकें। वही पैदल गस्त करते हुए सड़क के किनारे फैले अतिक्रमण को भी हटाया गया। जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश सिंह के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक तुषार श्रीवास्तव के द्वारा मरका रोड अंबेडकर तिराहा से पैदल गस्त करते हुए पुरानी सब्जी मंडी, गांधी नगर ,शास्त्री नगर ,आजाद नगर से होते हुए कमासिन रोड से मुख्य चौराहा तक पैदल गस्त किया। वहीं गस्त के समय जगह-जगह पर लोगों को जागरूक भी किया ,कि ठंड के सीजन में रात्रि में अच्छे से दरवाजा लगाकर सोए ,ताकि किसी भी प्रकार की चोरी होने से बच सकें, क्योंकि ठंड के सीजन में ही अक्सर चोर घरों का निशाना बनाते हैं इसमें सभी को जागरूक किया गया। वही पैदल गस्त के समय सड़कों पर जो दुकानदार अतिक्रमण किए थे, उनको कड़ी हिदायत देकर अतिक्रमण को हटवाया और कहा कि दोबारा अगर अतिक्रमण करते हुए पाए गए ,तो जुर्माना लगाया जाएगा। इस मौके पर व्यापारियों में काफी अफरातफरी मची रही।

### अकाल तख्त बहाल हुई, कोहरे की वजह से पिछले 24 घंटे में एक दर्जन से ज्यादा ट्रेन हुई लेट

संवाददाता

**लखनऊ।** कोहरे की वजह से रद्द चल रही अकाल तख्त एक्सप्रेस को रेलवे ने बहाल कर दिया है। कोहरे में रद हुई 2317ध12318 अकालतख्त एक्सप्रेस का संचालन शुरू कर दिया गया है। इसके अलसवा 12317 कोलकाता-अमृतसर 25, 28 दिसम्बर, एक, चार व आठ जनवरी को चलेगी। यही ट्रेन बदले हुए ट्रेन नंबर के साथ वापसी में 12318 अमृतसर-कोलकाता 27, 30 दिसम्बर, तीन, छह और दस जनवरी को चलेगी। एक तरफ कुछ ट्रेनों का संचालन बढ़ाया गया तो दूसरी तरफ पिछले 24 घंटे में कई ट्रेन काफी लेट रही है। कोहरा कम होने के बाद भी रेलवे समय से संचालन यूजीीं कर पाया है। पिछले दिन 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस लखनऊ करीब साढ़े ग्यारह घंटे की देरी से पहुंची थी इके अलावा 14512 नौचंदी एक्सप्रेस करीब पौने दस घंटे देर से पहुंची। दूसरी तरफ मुंबई और बैंगलोर के लिए 25 दिसंबर से आकाश एयरलाइन्स को दो नई उड़ानें शुरू होने जा रहीं हैं।

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती मनी

संवाददाता

**लखनऊ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के महानायक चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में श्रद्धा पूर्ण पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉक्टर रूपल अग्रवाल, ट्रस्ट के आंतरिक सलाहकार समिति के सदस्य शहरयार जलालपुरी, ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उयूजीों सादर नमन किया, इस अवसर पर हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि आज हम माननीय चौधरी चरण सिंह की 120वी जन्म जयंती मना रहे हैं, आज के दिन को किसान दिवस के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि माननीय चौधरी चरण सिंह किसानों के लिए मसीहा थे, गांव, गरीब और किसान के शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले चौधरी चरण सिंह खुद को प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान व सामाजिक कार्यकर्ता मानते थे। किसानों के हित में उनकी कोशिशों की सदैव सराहना हुई। भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चरण सिंह की व्यक्तिगत छवि एक ऐसे पुरुष की थी, जो सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखते थे। आज चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती पर आइए यह संकल्प लें कि भारत देश में किसानों के योगदान को सराहनीय मानते हुए हम सब किसानों का सम्मान करेंगे क्योंकि हमारे किसान भाई दिन-रात कड़ी मेहनत करके हमारे लिए अन्न उत्पन्न करते हैं। न्यासी डॉक्टर रूपल अग्रवाल ने कहा कि खेती दुनिया के सबसे पुराने व्यवसायों में से एक है जो लगभग 12000 साल पहले शुरू हुआ था। दुनिया भर के किसान हमें खिलाने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। इन किसानों के योगदान को याद करने के लिए हर साल 23 दिसंबर को किसान दिवस या राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। इस दिन को पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान नेता स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का विचार उन किसानों के प्रति आभार व्यक्त करना है जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**सीओ, तहसीलदार समेत संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 7 वाहन सीज किए**

# कालपी में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने चलाया चेकिंग अभियान

**उरई/जालौन।** बीती रात को जिला प्रशासन के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार आईएएस के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस आदि विभागों की संयुक्त टीम के द्वारा रात में सड़कों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम के द्वारा ओवर लोड एवं अवैध खनन से भरे 7 वाहनों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। विदित हो कि कदौरा, कालपी आदि स्थानों में ओवरलोड तथा अवैध खनन का मामला सुर्खियों में बना हुआ था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उपाधीक्षक डॉ. देवेन्द्र कुमार पचौरी, तहसीलदार सुशील कुमार सिंह, पुलिस एवं राजस्व आदि विभागों के कर्मचारियों के साथ उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार आईएएस की संयुक्त टीम के द्वारा जोल्हूपुर मोड़, कालपी हाइवे, कदौरा रोड, इटौरा रोड में रात में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सड़कों से गुजरने वाले खनन लदे वाहनों को रोक रोक कर आनलाइन रायल्टी खनन प्रपत्र एम



एम 11 को चेक किया तथा टीम के द्वारा वाहनों में लदी लोड मोरम की मात्रा बजन को भी चेक किया गया। इस दौरान टीम के हत्थे ओवरलोड अवैध खनन के 7 ट्रक, डम्पर वाहन चढ़ गये। टीम के द्वारा 7 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में खड़े कराकर सीज करने की कार्रवाई की गई है। दिलचस्प बात यह रही है कि संयुक्त टीम के द्वारा रात में चेकिंग करने से ओवरलोड तथा अवैध खनन करने वालों में खलबली मच गई। जब कि लोकेशन देने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। एसडीएम के मुताबिक उन्होंने ओवरलोड एवं अवैध खनन करने के धंधे को कतई बर्दाश्त किया जायेगा।

निरंतर चेकिंग करके दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नियमानुसार खनन तथा परिवहन का कार्य करने के लिए नसीहत दी है। तहसील क्षेत्र के मौरंग खदानों पर अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् उपजिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार आईएएस तथा क्षेत्राधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार पचौरी बेतवा नदी के किनारे के बालू खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर चुके हैं तथा खदान संचालकों को अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहन पर अंकुश लगाने के लिए भी हिदायत दी गई है। नवंम्बर माह में भी चौकिंग अभियान चला कर दो दर्जन ओवरलोड खनन से लदे वाहनों को पकड़ कर टीम के द्वारा सीज किया गया था। इसके बावजूद भी कारोबारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर योगी ने किया नमन

## कृषकों,कृषि उद्यमियों व कृषि वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर राजधानी लखनऊ में कृषकों,कृषि उद्यमियों व कृषि वैज्ञानिकों को पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान सीएम ने महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि सबसे उपजाऊ भूमि है। कृषि में तकनीकी का कर उपयोग किसान अपनी उत्पादन छमता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया मे नई ताकत के रूप में उभर रहा है,चौधरी साहब के अन्नदाता किसानों को समृद्ध बनाने के लिए 2014 में प्रधानमंत्री जी ने कार्यक्रम शुरू किए



जो सार्थक सिद्ध हुए। खेती में लागत कम हो,और लाभ ज्यादा हो,उत्पादकता बढ़े इस दिशा में कार्य भी हो हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार देश मे किसान फसल बीमा योजना लागू हुई। उत्तर प्रदेश में पिछले 5 वर्ष में कई कार्य हुए। सरकार में आने के बाद हमने 86 लाख किसानों के कर्ज को माफ किया गया है। आज लागत का डेढ़ गुना एमएसपी कार्यक्रम भी लागू हुआ। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश के 2 करोड़ 60 लाख किसानों को 51 हजार करोड़ की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने पूर्व सरकारों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि चीनी मिलों को बेच दिया था। ,गोरखपुर पिपराइच मिल नई लगाई गई,नजीबाबाद चीनी मिल का विस्तार किया गया है। हमारी सरकार बहुत मजबूती से किसानों के विकास के लिए काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में लघु और सीमांत किसानों की संख्या ज्यादा है। इसीलिए कृषक उत्पादक संगठन इसमे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का 16:आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। उत्तर प्रदेश की भूमि सबसे उर्वरा भूमि है। देश की कुल खाद्यान्न की 20: आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता है,इसमे और वृद्धि के लिए एफपीओ सहायक हो सकता है। प्रदेश में 75 जनपदों में 89 कृषि विज्ञान केंद्र स्थित हैं। यहां किसानों के लिये अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। हमे नेचुरल फर्मिंग की ओर बढ़ना होगा,कम सिंचाई में उत्पादकता बढ़ती है। इससे पहले सीएम ने किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर ट्वीटकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महान किसान नेता, शुचिता व सादगी की प्रतिमूर्ति, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! सभी को किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। शोषितों, वंचितों, उपेक्षितों और अन्नदाता किसान बंधुओं के कल्याण के लिए चौधरी चरण सिंह आजीवन संघर्षरत रहे।

## कोरोना वेरिएंट की भारत में दस्तक, यूपी में फिर अलर्ट जारी, अस्पताल में मरीजों के लिए निर्देश

**लखनऊ।** पूरी दुनिया पर एक बार फिर से कोरोना वायरस का आतंक कहर बनकर बरस रहा है। चीन में कोरोना वायरस के मामले बेकाबू हो गए हैं। वहीं भारत में भी कोरोना के नए वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में कोरोन को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। योगी सरकार के निर्देश के बाद राजधानी लखनऊ में कोविड प्रोटोकॉल को लागू करवाने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर राजधानी के अस्पतालों में सतर्कता शुरू हो गई है। अस्पतालों में अब बिना मास्क के मरीजों और तीमारदारों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कोविड प्रोटोकॉल के पालन के लिए अस्पतालों में अनाउंसमेंट कराकर जागरूक किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना 3 से 4 हजार मरीज आ रहे हैं। 80-90 मरीज इमरजेंसी में भर्ती किए जा रहे हैं। लिहाजा अब यह नई एडवाइजरी जारी की गई है। उधर, लखनऊ पीजीआई में भी बिना मास्क के एंट्री नहीं होगी। कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुए च्ळप् निदेशक ने निर्देश जारी किया है। नए आदेश के मुताबिक मरीजों और तीमारदारों को मास्क पहनने पर ही एंट्री दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्यकर्मी और सफाई कर्मियों के लिए भी मास्क जरूरी कर दिया है। इस बीच रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर रैंडम कोविड टेस्ट का प्लान नई गाइड लाइन के बाद ही होगा।

## उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता पर कार्यशालाओं की श्रृंखला संपन्न

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेन्स कॉलेज तथा उन्नत महिला अध्ययन केंद्र (एसीडब्ल्यूएस) ने संयुक्त रूप से 'भारत में उच्च शिक्षा में लिंग समानता को बढ़ावा देना' विषय पर आधारित ब्रिटिश काउंसिल परियोजना के अंतर्गत लैंगिक संवेदनशीलता कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित की। सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय (एसबीपीयू), पुणे और ब्रुनेल यूनिवर्सिटी लंदन के साथ नौ अन्य उच्च शिक्षा संस्थान इस परियोजना में एएमयू के साथ भागीदारी कर रहे हैं। प्रो सैयदा सैय्यदैन हमीद, प्रो रूप रेखा वर्मा, प्रो दीप्ता भोग, एडवोकेट संचिता ऐन और शोधार्थी सोहनी हर्षे, सिनु सुगथन, नूपुर जैन और भाव्या गुप्ता रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्यशाला में शामिल हुए। प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए एक विशेष सत्र को संबोधित करते हुए, एएमयू के कुलपति प्रो. तारिक मंसूर ने प्रतिभागियों से परिसर में लैंगिक समानता के मुद्दों पर विचार करने और लोगों को संवेदनशील बनाने और शिक्षा में समानता के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करने का आग्रह किया। महिला अध्ययन केंद्र, एसबीपीयू, पुणे की शिक्षक डॉ स्वाति दयाहद्रॉय ने 'लिंग जागरूकता और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना' विषय पर वीमेंस कॉलेज में कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया और लैंगिक समानता के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। एनजीओ निरंतर और महिला अध्ययन केंद्र, एसबीपीयू, के शोधकर्ताओं सिनु सुगथन और नूपुर जैन ने एसीडब्ल्यूएस में छात्रों के लिए 'उच्च शिक्षा में लिंग और समानता को समझना' पर कार्यशाला आयोजित की। प्रोफेसर सैयदा सैय्यदैन हमीद, संस्थापक, मुस्लिम महिला फोरम, भारत ने कैंपस में विशिष्ट लैंगिक मुद्दों पर बात करते हुए कहा कि बेहतर कैंपस माहौल और छात्रों के शैक्षणिक जीवन के लिए लैंगिक मुद्दों से सम्बंधित मामलों पर प्रभावी विमर्श की आवश्यकता है। प्रोफेसर दीप्ता भोग, सह-संस्थापक, निरंतर (जेंडर और शिक्षा केंद्र, दिल्ली) ने लैंगिक समानता के क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए असमानताओं की पहचान करने के उद्देश्य से 'शिक्षा में लिंग' विषय पर वीमेंस कॉलेज में शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की।

## एएमयू लॉज में छात्रों ने अधिवक्ताओं से की बदसलूकी

### ओल्ड ब्वाएज लॉज में अधिवक्ता कर रहे थे कॉकटेल पार्टी, छात्रों ने पहुंचकर किया हंगामा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के एएमयू ओल्ड ब्वाएज लॉज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें यूनिवर्सिटी के छात्र जिले के सीनियर एडवोकेट के साथ अभद्रता और गाली गलौज करते नजर आ रहे हैं। एडवोकेट कॉकटेल पार्टी कर रहे थे, जिसको लेकर छात्रों ने हंगामा किया है। ओल्ड ब्वाएज लॉज को एक एडवोकेट ने अपनी तहसील बार चुनाव से पहले बुक कराया था और जिले के विभिन्न एडवोकेट यहां कॉकटेल पार्टी कर रहे थे। इस दौरान एएमयू के छात्र यहां आ गए और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं छात्रों ने सभी एडवोकेट को हॉल से बाहर भी निकाल दिया।



जिसके बाद यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

अलीगढ़ में तहसील राजस्व बार एसोसिएशन के चुनाव थे। जिसकी दावत के लिए ओल्ड ब्वाएज लॉज के सदस्य और अधिवक्ता तारीक अली बेग ने 21 दिसंबर के लिए एएमयू के ओल्ड ब्वाएज लॉज को बुक किया था। इसके लिए उन्होंने निर्धारित शुल्क 11500 रुपए जमा किए थे। जिसके बाद 21 दिसंबर को शहर और जिले के कई सीनियर अधिवक्ता यहां दावत करने पहुंचे थे। इसी दौरान अधिवक्ता कॉकटेल पार्टी कर रहे थे। इसकी सूचना जब एएमयू के छात्रों को पहुंची तो वह सभीं वहां पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ जमकर गाली गलौज किया और उन्हें बाहर निकाल दिया। हंगामे के बाद ओल्ड ब्वाएज एसोसिएशन के सचिव आजम मीर भी मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने लॉज खाली कराया था। जिसके बाद उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक की है और लॉज बुक कराने वाले अधिवक्ता को कारण बताओ नोटिस भी किया है कि क्यों न उनकी सदस्यता को समाप्त कर दिया जाए। एसोसिशन के सचिव आजम मीर ने कहा कि लॉज को एडवोकेट तारिक ने लंच के लिए बुक कराया था। बुधवार को उनका स्टाफ छुट्टी पर था। इनके पीछे कुछ लोगों ने वहां शराब पी। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई वह लॉज में पहुंच गए और वहां से सभी लोगों को निकलवाया। इस प्रकरण में एडवोकेट तारीक जो उनके सदस्य हैं, उन्हें नोटिस देकर 3 दिन में अपना पक्ष रखने को कहा गया है। वहीं सारे प्रकरण में एएमयू के प्रॉक्टर प्रो. मो. वसीम अली ने बताया कि ओल्ड ब्वाएज लॉज में यूनिवर्सिटी का दखल नहीं है। यह एक निजी संपत्ति के तौर पर है, जिसकी देखरेख का जिम्मा भी यूनिवर्सिटी का नहीं है।

## अनुसंधान लेखन और पद्धति' पर जेएन मेडीकल कालिज के सर्जरी विभाग में सीएमई संपन्न

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों ने 'रिसर्च राइटिंग एंड मेथडोलॉजी' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम में विकासशील क्षेत्रों में विचारों को प्रकाशनों में बदलने की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सर्जरी विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर अफ्जल अनीस ने कहा कि सर्जनों और अन्य डॉक्टरों के मुख्य उद्देश्यों में से एक चिकित्सा विज्ञान के अनुप्रयोग और उन्नति के माध्यम से मानव जीवन में सुधार करना है। यह न केवल क्लिनिकल सेटिंग में रोगियों का इलाज करके किया जा सकता है, बल्कि अभिनव अनुसंधान के माध्यम से चिकित्सा ज्ञान के कोष में योगदान देकर भी किया जा सकता है जिससे भविष्य में बेहतर उपचार हो सकते हैं। वह स्नातकोत्तर रेजीडेंसी में शोध पद्धति सीखने की आवश्यकता पर बोल रहे थे। एम्स ऋषिकेश के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर सोमप्रकाश बसु और प्रोफेसर फरहानुल हुदा ने प्रतिभागियों को सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं के माध्यम से वैज्ञानिक साहित्य में योगदान का एक सिंहावलोकन प्रदान किया और ओसलर और मिनी-सैक्स के लिए व्यावहारिक परीक्षाओं के बदलते पैटर्न का प्रदर्शन किया। उन्होंने मरीज की देखभाल में सुधार के लिए डॉक्टर-रोगी संबंध पर भी बात की।

डॉ सुभाशीष मिश्रा (कंसल्टेंट ऑन्कोलॉजिस्ट, ब्रैएएमयू रीजनल हॉस्पिटल, फ्लोरिडा, यूएसए) ने रेजीडेंसी के दौरान तनाव प्रबंधन पर सुझाव साझा किए और 'जस्ट-इन-टाइम टीचिंग' रणनीति पर बात की, जिसका उद्देश्य अधिक सक्रिय लर्निंग के लिए कक्षा के समय के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## गुलिस्तान-ए-सैयद में पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के लैण्ड एण्ड गार्डन्स विभाग द्वारा क्राइसेन्थियम, कोलियस एवं रोज पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन गुलिस्तान-ए-सैयद पार्क पर आज शनिवार को प्रातः 10 बजे कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर द्वारा किया जाएगा। लैण्ड एण्ड गार्डन्स विभाग के प्रभारी प्रो. जकी अनवर सिद्दीकी ने बताया कि जिलाधिकारी अलीगढ़ श्री इन्द्र विक्रम सिंह और अमुवि रजिस्ट्रार श्री मोहम्मद इमरान उद्घाटन सत्र में मानद् अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रदर्शनी का समापन 25 दिसम्बर को प्रो. मोहम्मद गुलरेज, सहकुलपति द्वारा सायं 3 बजे विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान, वित्त अधिकारी एवं प्रो. अब्दुल अलीम, डीन छात्र कल्याण मानद् अतिथि होंगे। 26 दिसम्बर 2022 को दोपहर 2.30 बजे गुलिस्तान-ए-सैयद पार्क पर फूलों के गमलों को विक्रय किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति पार्क पर पहुंचकर विभाग द्वारा तैयार गमलों को खरीद सकते है। कार्यक्रम के मानद् सलाहकार प्रोफेसर इरशाद महमूद और कनवीनर अतिरिक्त सदस्य प्रभारी डा. तारिक आफताब हैं।

## एएमयू प्रोफेसर जियोग्राफर अवार्ड से सम्मानित

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर निजामुद्दीन खान को लाइवस्टॉक हसबेंडरी, मार्केटिंग भूगोल, राजनितिक भूगोल, कृषि भूगोल, अनुसंधान, फील्डवर्क, शिक्षण और सार्वजनिक रूचि के क्षेत्रों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ ज्योग्राफर्स, भारत द्वारा 'प्रोफेसर बंडाः हेमा मालिनी एमिनेंट ज्योग्राफर्स अवार्ड-2022' से सम्मानित किया गया है। रानी चन्नम्मा विश्वविद्यालय, बेलगावी, कर्नाटक में आयोजित 44वें भारतीय भूगोल कांग्रेस में उन्हें ये पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रोफेसर निजामुद्दीन ने पशुधन पालन और कृषि विपणन पर पांच प्रमुख आईसीएआर, आईसीएसएसआर, यूजीसी, नई दिल्ली और यूपीसीएसटी, लखनऊ द्वारा प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया है।

## हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने को निगम का एक्शन प्लान

### गंदगी फैलाने पर लगेगा पांच लाख का जुर्माना

गाजियाबाद। गाजियाबाद में हिंडन नदी किनारे गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करते पकड़े जाने पर 50 हजार से पांच लाख रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसकी निगरानी करने के लिए पहली बार सफाई निरीक्षकों की तैनाती की गई है।

सहारनपुर से ग्रेटर नोएडा तक हिंडन नहीं काफी दूषित हो चुकी है। इसमें प्रदूषित पानी छोड़ा जा रहा है। यही नहीं आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोग नदी किनारे कूड़ा-कचरा फेंकते हैं। कबाड़ बीनने वाले लोग कचरे से लोहा निकालने के चक्कर में इसमें आग लगा देते हैं। इससे नदी व किनारे रहने वाले जीव-जंतु मर रहे




हैं। इसमें शहर के आठ नालों का पानी गिर रहा है। इसके अस्तित्व को बचाए रखने के लिए नगर निगम ने एक्शन प्लान बनाया है। नदी में गिरने वाले नालों पर निगम जाली लगाने की योजना बना रहा है। साथ ही सफाई निरीक्षकों की गई है। नियमों का उलंघन करने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माना वसूलने वाली टीम पर पुलिस और प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

## विभाग को करनी पड़ी सूचना आयुक्तों के खिलाफशिकायतों पर स्वयं निर्णय लेने की शुरुआत

# राज्यपाल से सीपीआरआई संगठन की मांग के बाद प्रशासनिक सुधार

संवाददाता

**लखनऊ।** पारदर्शिता के कानून यानि कि आरटीआई एक्ट 2005 को मजबूती से लागू कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से क्रियाशील पंजीकृत सामाजिक संगठन सूचना का अधिकार बचाओ अभियान (सीपीआरआई ) के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीते नवम्बर महीने में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता कर ज्ञापन देने का आसार अब धरातल पर आ गया है। बताते चलें कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष तनवीर अहमद सिद्दीकी, संस्था की संरक्षिका उर्वशी शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार जैद अहमद फारूकी, अधिवक्ता

**✸ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता कर ज्ञापन देने का आसार अब धरातल पर आ गया**

**✸ सूचना आयुक्तों के खिलाफ राजभवन को प्राप्त शिकायतों को सूचना आयोग को भेजने पर रोक लगाई**

देवेश मणि त्रिपाठी,अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ल, समाजसेवी इं. संजय शर्मा,पत्रकार मोव सफीर सिद्दीकी और पत्रकार शम्स तबरेज ने आनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता करके मांग की थी कि सूचना आयुक्तों के खिलाफ राजभवन को प्राप्त शिकायतों को सूचना आयोग को भेजने पर रोक लगाई जाए और इन शिकायतों पर राजभवन स्तर पर समिति बनाकर अथवा सूबे में आरटीआई कार्यों के नोडल विभाग प्रशासनिक सुधार से प्राथमिक जांच कराकर आगे की कार्यवाहियां राज्यपाल द्वारा गुण-दोष के आधार पर की जाएँ. उर्वशी शर्मा ने बताया कि सूचना कानून की धारा 15 और 17 के अंतर्गत सूचना आयुक्तों के खिलाफ निलंबन और बर्खास्तगी जैसी कार्यवाहियों के अधिकार मात्र राज्यपाल में ही निहित हैं और क्योंकि आम जनता द्वारा सूचना आयुक्तों के खिलाफ की गई शिकायतें यांत्रिक रीति से राज्यपाल सचिवालय से प्रशासनिक सुधार विभाग से सूचना आयोग से होकर सम्बंधित आरोपी सूचना आयुक्त को ही प्राप्त हो रही थीं जो अपने खिलाफ हुई शिकायतों को पत्रवालित कर रहे थे और शिकायतकर्ताओं को प्रताड़ित कर रहे थे इसीलिए इस दोषपूर्ण प्रक्रिया को सुधारने की मांग राज्यपाल से की गई थी. उर्वशी बताती हैं कि प्रतिनिधिमंडल की भेंटवार्ता के बाद प्रशासनिक सुधार विभाग ने शिकायतों को पोस्ट ऑफिस की तरह सूचना आयोग को ट्रान्सफर करने का अपना रवैया बदला है और उनके द्वारा सूचना आयुक्त हर्षवर्धन शाही के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और सतर्कता जांच कराने की शिकायत पर स्वयं निर्णय लेकर बीती 06 दिसम्बर को पत्र जारी करके इसकी सूचना उनको दी है. बकौल उर्वशी उनके द्वारा बीते अगस्त महीने में भेजी गई शिकायत को राज्यपाल ने प्रशासनिक सुधार विभाग को भेजा हुआ था. उर्वशी बताती हैं कि पहले इस तरह की शिकायतों को प्रशासनिक सुधार विभाग सूचना आयोग भेज देता है लेकिन सीपीआरआई संस्था की मांग पर राजभवन के शीघ्र और कड़े रुख के चलते प्रशासनिक सुधार विभाग ने कई वर्षों के बाद पहली बार किसी सूचना आयुक्त के खिलाफ की गई शिकायत पर स्वयं निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेट बैंक ने अहमदी दृष्टिबाधित स्कूल में शिविर लगाया

**अलीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक, ब्रांच मेडिकल कालिज अलीगढ़ के सौजन्य से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अहमदी स्कूल फार द विजुअली चौलेंज्ड में विभिन्न छात्र छात्राओं का बैंक अकाउंट खोला गया। डिजिटल बैंक अकाउंट और युनो से संबंधित जानकारी मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार चौधरी ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से उपलब्ध कराई। इस अवसर पर स्कूल की प्रिन्सिपल डा नायला राशिद, प्राक्टर प्रोफेसर वसीम अली, डिप्टी प्राक्टर प्रोफेसर हशमत अली खान, प्रोफेसर अली नवाज जैध्दी, डाक्टर सदफनासिर बैंक कर्मी प्रज्ञा बंसल, चंद्रपाल यादव, नीतीश आदि के साथ साथ विद्यालय के आवासीय वार्डन डा बबलू कुरैसी, आवासीय महिला संचालक शाहीन परवीन, कारी अनवर अहमद, सलमान साबिर पूर्व मेंबर एएमयू कोर्ट इमरान अली आदि मौजूद रहे।

### शोक सभा का आयोजन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गर्ल्स स्कूल में कम्प्यूटर के अंशकालिक शिक्षक डा. यासिर जफर खान के निधन पर स्कूल में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्कूल की प्रिन्सिपल श्रीमती आमना मलिक ने कहा कि यासिर जफर खान वर्ष 2018 से एएमयू गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को कम्प्यूटर की शिक्षा दे रहे थे और वह स्कूल में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी कार्यरत रहे। उन्होंने शोक प्रस्ताव पढ़ते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। डा. यासिर जफर खान का बीते दिवस निधन हो गया था। उन्हें यूनिवर्सिटी के कब्रिस्तान मिंटोई में दफनाया गया।

### होम्योपैथी डॉक्टर ने महिला से किया दुष्कर्म

**अलीगढ।** जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। दादों क्षेत्र से अलीगढ़ आकर इलाज कराने वाली एक महिला के साथ होम्योपैथी डॉक्टर ने दुष्कर्म किया है। आरोपी डॉक्टर महिला का अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने उसे लेकर गया और दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि डॉक्टर उसे अपने किसी परिचित के घर लेकर गया और नींद की दवा खिला दी। जिसके बाद महिला बेहोश हो गई और आरोपी डॉक्टर अपनी हवस को पूरा करता रहा। जब महिला को होश आया तो उसने इसका विरोध किया, जिसके बाद डॉक्टर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला ने क्वार्सी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगढ़ के अचलताल स्थित रामलीला मैदान में ट्रस्ट का देवत्रय चौरिटेबल हॉस्पिटल चलता है। यहां होम्योपैथी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह चौहान की नियुक्ति थी। दादों क्षेत्र की एक महिला पिछले 7 महीनों से उनसे अपना इलाज करा रही थी। महिला हर महीने अलीगढ़ आती थी और दवाइयां लेकर जाती थी। गुरुवार को भी महिला अपना इलाज कराने के लिए अलीगढ़ आई थी। जिसके बाद डॉक्टर ने महिला से अल्ट्रासाउंड कराने को कहा। आरोपी डॉक्टर ने महिला को अपने विश्वास में लिया और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए क्वार्सी लेकर गया। पीड़िता ने बताया कि डॉक्टर ने उससे कहा था कि महिला डॉक्टर उसका अल्ट्रासाउंड करेगी। लेकिन आरोपी उसे एक मकान में लेकर गया। जहां उसने एक गोली दी और कहा कि अल्ट्रासाउंड के पहले इसे खाया जाता है। जिसे खाकर वह बेहोश हो गई। एक घंटे बाद जब उसे होश आया और उसने विरोध किया तो डॉक्टर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना के बाद पीड़ित महिला अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची। जिसके बाद क्वार्सी पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया।

### नौ पिल्लों को तालाब में डुबोकर मारा, दंपती पर एफआईआर

**बरेली।** बिसौली (बदायूं)। गांव बसई की एक महिला और उसके पति पर नौ पिल्लों को तालाब में डुबोकर मारने का आरोप लगा है। पशु प्रेमी विभोर शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों के परिजनों का कहना है कि साजिश के तहत उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कस्बा निवासी विभोर शर्मा के मुताबिक बसई निवासी सूर्यकांत और उनकी पत्नी अनीता ने नौ पिल्लों को गांव के एक तालाब में फेंक दिया। इससे उनकी मौत हो गई। विभोर ने तालाब से पांच शव बाहर निकाले और बिसौली कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने मामले में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं आरोपियों के परिजनों के मुताबिक गांव के ही एक व्यक्ति ने साजिश कर उन्हें फंसाया है। गांव में चर्चा है कि आरोपियों ने करीब 15 दिन पहले गांव के एक व्यक्ति का गाय को बेरहमी से पीटते हुए वीडियो वायरल किया था। इसी रंजिश में उन्हें साजिश को तहत फंसाया गया है। बिसौली इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पिछले महीने शहर निवासी विकेंद्र शर्मा ने पनबड़िया के मनोज पर चूहे को डुबोकर मारने की एफआईआर दर्ज कराई थी। यह मामला काफी चर्चित रहा था। चूहे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भी भेजा गया था, हालांकि उसमें चूहे को पानी में डुबोकर मारने की रिपोर्ट नहीं आई थी।

### क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने का झांसा दे छात्रा के खाते से निकाले 71 हजार रुपये

**बरेली।** बरेली में एक छात्रा का क्रेडिट कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर शातिर ठगों ने खाते से 71 हजार रुपये निकाल लिए। ठगों ने छात्रा से कुछ जानकारी और ओटीपी मांगी। जब मोबाइल पर मैसेज आया तो छात्रा को ठगी का पता चला। इसके बाद वह अपने भाई के साथ एसपी ऑफिस पहुंची और शिकायत दी। मामला सीबी गंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, महेशपुर गांव निवासी छात्रा प्रियंका के पास काफी समय से एक बैंक का क्रेडिट कार्ड था। हालांकि वह कार्ड का इस्तेमाल नहीं करती थी। न ही उसने कार्ड एक्टिव ही किया था। गुरुवार को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का अफसर बताया और क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने की बात कही। उसकी बातों में आकर प्रियंका ने ठग के बताए अनुसार, प्रोसेस किया। थोड़ी देर में उसके मोबाइल पर एक ओटीपी आया। उसे भी प्रियंका ने ठग को बता दिया। फिर मोबाइल पर खाते से 71 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज मिला। एसपी के निर्देश पर साइबर सेल में शिकायत दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीयू में सीनियर्स की अराजकता पर दो दिन तक मौन रहे जिम्मेदार

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बुधवार को हुए बवाल से दो दिन पहले ही विवाद की चिंगारी सुलग उठी थी। जूनियर्स को परिचय देने के लिए हॉस्टल बुलाने पर सीनियर्स अड़े हुए थे। बार-बार मना करने के बाद 19 दिसंबर को जूनियर्स छात्रों के वीडियो बनाए गए और फोटो खींची गई। कहा कि अब सभी की पीटेंगे। जिम्मेदार सूचना मिलने के बाद भी मामले को हल्के में लेते रहे और फिर 21 दिसंबर को बवाल हो गया। कुलपति को दिए प्रार्थनापत्र में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र संस्कार वर्मा ने आरोप लगाया कि कई दिनों से उसे लॉर्ड बुद्धा हॉस्टल में रैगिंग के लिए बुलाया जा रहा था। जब वो नहीं गया तो 18 दिसंबर को फोन कर सीनियर्स ने गालियां दीं। 19 नवंबर को लार्ड बुद्धा हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने वीडियो बनाए और फोटो खींची। इसकी सूचना उन्होंने विभाग समन्वयक को दी तो वो बोले अभी अवकाश पर हूं। आने पर बात को सुलझाएंगे। इसके एक दिन बाद विश्वविद्यालय में इतना बड़ा बवाल हो गया। विश्वविद्यालय के मेन गेट पर छात्र धरने पर बैठे हुए थे। किसी भी अधिकारी और शिक्षक, कर्मचारी की गाड़ी अंदर नहीं जाने दे रहे थे।

# देश में पिछले 24 घंटे में 12 राज्यों में कोरोना के नए मामले

## हिमाचल प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में सक्रिय मामले बढे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है। हिमाचल प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में सक्रिय मामले बढे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.02 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण से कोरोना के 157 नए मामले सामने आए हैं और इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से 176 लोग मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,42,608 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है जबकि कोरोना वायरस संक्रमण से तीन मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या 5,30,690 हो

**● देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण से कोरोना के 157 नए मामले सामने आए**

गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के पांच सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 32 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 1980559 हो गयी है और इसी अवधि में एक मरीज की मौत होने से राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 26521 हो गयी है। केरल में 20 सक्रिय मामले घटने पर, यहां सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1,418 रह गये हैं। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,54,906 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,546 स्थिर है।

कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के दो सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,261 रह गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल



संख्या बढ़कर 40,30,175 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 40,307 पर बरकरार है।

महाराष्ट्र में एक सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 134 रह गयी है। इस दौरान 19 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,87,870 तक पहुंच गयी है। राज्य में दो मरीजों की मृत्यु होने से, मृतकों की संख्या 1,48,414 तक पहुंच गयी है। पश्चिम बंगाल में कोरोना संक्रमण के छह सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 46 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 20,96,988 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 21,532 है।

ओडिशा में भी चार कोरोना सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर 107 हो गयी है। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 13,27,221 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 9,205 बरकरार है। उत्तर प्रदेश में 36 कोरोना सक्रिय मामले घटने से इनकी संख्या घटकर 62 रह गयी है। इस महामारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 21,04,392 तक पहुंच गयी है और मृतकों की संख्या 23,633 पर स्थिर है। इसके अलावा, राजस्थान में भी छह कोरोना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुयी है, जिससे कोरोना संक्रमणों की कुल संख्या बढ़कर 58 हो गयी। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 13,05,679 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 9,653 है। गुजरात में चार कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 27 हो गयी है। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 12,66,456 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 11,043 है।

हिमाचल प्रदेश में पांच कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी संख्या बढ़कर 24 हो गयी है। इस महामारी से अब तक 3,08,389 लोग मुक्त हो चुके हैं और मृतकों की संख्या 4,213 पर स्थिर है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में दो मामले, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब में कोरोना का एक-एक सक्रिय मामला बढ़ा है। राहत की बात यह है कि केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप, झारखंड और मिजोरम, नागालैंड तथा सिक्किम में कोरोना का एक भी सक्रिय मामला नहीं है। ओडिशा में भी चार कोरोना सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर 107 हो गयी है। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 13,27,221 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 9,205 बरकरार है।

उत्तर प्रदेश में 36 कोरोना सक्रिय मामले घटने से इनकी संख्या घटकर 62 रह गयी है। इस महामारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 21,04,392 तक पहुंच गयी है और मृतकों की संख्या 23,633 पर स्थिर है। इसके अलावा, राजस्थान में भी छह कोरोना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुयी है, जिससे कोरोना संक्रमणों की कुल संख्या बढ़कर 58 हो गयी।

## लंदन में कार्बन-मोनोऑक्साइड की चपेट में आए, करीब दो सौ लोग



**एजेंसी**

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में एक तुर्किश रेस्त्रां में हुए कार्बन-मोनोऑक्साइड रिसाव के कारण क्रिसमस पार्टी के दौरान शामिल कम से कम दो सौ लोगों इसकी चपेट में आये हैं। ब्रिटेन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता ने डेली मिरर को बताया कि यह घटना बुधवार रात लंदन के चिंगफोर्ड जिले में एक तुर्की रेस्तरां गोक्यूज़ू में उस वक्त हुई, जब क्रिसमस पार्टी मनाने आए लोगों ने इस रेस्तरां पर खाना खाया और खाना खाते ही सभी बीमार पड़ने लगे। जिसके बाद, उन्हें लगा कि उन्होंने विषाक्त भोजन कर लिया है जिससे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। वे स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे अस्पताल पहुंचे। रेस्त्रां के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर डेली मिरर को बताया कि बीमार व्यक्तियों ने 111 नंबर पर कॉल करके मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लगभग दो सौ लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अस्तपाल कर्मचारी ने बताया कि उनके अस्पताल में करीब 40 बीमार लोग आए और जब उनकी जांच की गई, तब पता चला कि सभी के सिस्टम में कार्बन मोनोऑक्साइड का उच्च स्तर था, जिसके कारण सभी एकसाथ बीमार पड़ गए।

# भारतीय संस्कृति, धर्म और नीति की शिक्षा के पक्षधर थे मालवीय : मुरली मनोहर जोशी

**नई दिल्ली।** भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित शुक्रवार संवाद को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय भारतीय संस्कृति, धर्म और नीति की शिक्षा के पक्षधर थे। महामना के शिक्षा दर्शन के मूल में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की अवधारणा थी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तत्कालीन मीडिया सलाहाकार अशोक टंडन, आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक आशीष गोयल, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह एवं डीन (छात्र कल्याण) प्रो. प्रमोद कुमार सहित आईआईएमसी के सभी केंद्रों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**● राष्ट्र निर्माण था अटल बिहारी वाजपेयी की पत्रकारिता का लक्ष्य अशोक टंडन**

**● भारतीय जन संचार संस्थान में शुक्रवार संवाद कार्यक्रम का आयोजन**




मदन मोहन मालवीय की शिक्षा दृष्टि विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि मालवीय स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद् ही नहीं, बल्कि एक बड़े समाज सुधारक भी थे। देश से जातिगत बेड़ियों को तोड़ने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उनका कहना था कि जो शिक्षा लोगों में भेदभाव करेगी, वो हमें स्वीकार नहीं है। डॉ. जोशी ने कहा कि मालवीय की दूरदृष्टि कहां तक जाती थी, इस पर समग्र रूप से विचार करने के लिए उनके जीवन के विविध पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। मालवीय भारतीय समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए ऐसे लोगों का सृजन करना चाहते थे, जो समग्र रूप से विकसित हों, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष हों और भारतीय संस्कृति में निहित मूल्यों पर चलने वाले हों। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी और पत्रकारिता के मूल्य विषय पर विचार व्यक्त करते हुए अशोक टंडन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। अटलजी जनता की बातों को ध्यान से सुनते थे और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करते थे। टंडन ने कहा कि अटल ने कठिन परिस्थितियों में पत्रकारिता की शुरुआत की और वह अखबार में खबर लिखने, संपादन करने और प्रिंटिंग के साथ साथ समाचार पत्र वितरण का कार्य भी स्वयं करते थे।

टंडन के अनुसार अटल जी ने मूल्यों की पत्रकारिता की और इसी वजह से आज भी पत्रकार अटल जी को अपना रोल मॉडल मानते हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनेता बनने से पहले एक पत्रकार थे। वह देश और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा से पत्रकारिता में आए थे। उनके जीवन का लक्ष्य पत्रकारिता के माध्यम से पैसे कमाना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण था। उनकी कविताएं नौजवानों में उत्साह जगाने वाली थीं।

# दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश का स्कोर 7/0, भारत 80 रन आगे

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला ढाका में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 227 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 314 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 87 रन की बढ़त ली। दूसरी पारी में बांग्लादेश ने बिना कोई विकेट गंवाए सात रन बना लिए हैं। भारत के पास 80 रन की बढ़त है।




दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए सात रन बना लिए हैं। जाकिर हसन और नजमुल हसन शान्तो क्रीज पर जमे हुए हैं। भारत ने पहली पारी के आधार पर 87 रन की बढ़त ली थी और टीम इंडिया अभी भी 80 रन आगे हैं। मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश की टीम भारत की बढ़त खत्म कर टीम इंडिया के सामने बड़ा स्कोर रखना चाहेगी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए नजमुल हसन और जाकिर की जोड़ी ने 39 रन जोड़े। 12 साल बाद टेस्ट में वापसी करने वाले जयदेव उनादकट ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने जाकिर हसन को लोकेश राहुल के हाथों कैच कराया। इसके तीन गेंद बाद ही अश्विन ने शान्तो के पवेलियन भेज दिया। मोमिनुल और कप्तान शाकिब ने तीसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की। उमेश ने शाकिब को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बांग्लादेश की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही।

मोमिनुल एक छोर पर जमे रहे, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। मोमिनुल ने कई बल्लेबाजों के साथ 40 रन से ज्यादा की साझेदारी की, लेकिन अर्धशतकीय साझेदारी नहीं कर सके। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 84 रन मोमिनुल हक ने बनाए। 26 रन बनाने वाले मुश्फिकुर रहीम टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। लिटन दास ने 25 और शान्तो ने 24 रन की पारी खेली। भारत के लिए उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट लिए। वहीं, जयदेव उनादकट को दो विकेट मिले। अंत में बांग्लादेश की टीम 227 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के 227 रन के जवाब में भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं थी। कप्तान लोकेश राहुल 10 रन बनाकर आउट हो गए। शुभमन गिल 20 रन पर आउट हुए। चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 94 रन पर भारत के चार विकेट गिर गए थे।

## करन बने आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

**एजेंसी**

**कोच्चि।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2023 की नीलामी के दूसरे दौर में इंग्लैंड के सैम करन को शुक्रवार को पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपये में खरीदा, जिसके बाद वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। भारत के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज युवराज सिंह को सबसे पहले आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी होने का गौरव हासिल हुआ था जब 2015 के सत्र में उन्हे 16 करोड़ रूपये में खरीदा गया था। इससे बाद 2021 में सैम करन को राजस्थान रॉयल्स ने 2021 में खरीदा था जिसके बाद क्रिस मॉरिस सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे।

इससे पहले 2020 के सत्र में पैट कमिंस को 15.5 करोड़ रुपये और काइल जैमीसन को 2021 में 15 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। करन के लिये मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने सात करोड़ रुपये तक की बोली लगाई और तभी राजस्थान रॉयल्स बोली में कूद गया जबकि आरसीबी बाहर निकल गया। करन ने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ



फाइनल में 12 रन पर तीन विकेट चटकाये थे और अपनी टीम को विश्व विजेता बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने विश्वकप में कुल 13 विकेट हासिल किये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 2020 और 2021 सीज़न में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला, लेकिन फरवरी 2022 में वह पीठ की चोट के कारण आईपीएल की मेगा नीलामी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

चौबीस वर्षीय सैम करन ने 2019 में पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। टीम ने उन्हें 7.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। वर्ष 2020 की नीलामी में करन को चेन्नई सुपर किंग्स ने 5.5 करोड़ में खरीदा था। दो साल तक चेन्नई के साथ रहने के बाद करन ने चोट की वजह से पिछले साल हुई नीलामी में हिस्सा नहीं लिया था।

# ऊबर ने वंचितों को ऊनी कपड़े वितरित करने को गूंज के साथ की साझेदारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऊबर ने सर्दियों में जरूरतमंदों को ऊनी कपड़ों और अन्य आवश्यक वस्तुओं को योगदान देने के लिए लोगों को आमंत्रित कर अपना अभियान, 'स्प्रेड वार्म्थ विद ऊबर कनेक्ट' शुक्रवार को शुरू किया। ऊबर दिल्ली-एनसीआर में 22 से 24 दिसंबर के बीच और 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक इन सामानों के लिए निशुल्क पिक-अप एवं ड्रॉप सेवा प्रदान करेगा। राईडशेयरिंग कंपनी, ऊबर ने इस अभियान के लिए अवार्ड-विनिंग एनजीओ गूंज के साथ साझेदारी की है। इस अभियान के लिए एक नया डिलीवरी विकल्प, 'कनेक्ट गिविंग' बनाया गया है, जिसके जरिये लोग ऊबर ऐप में कुछ टैप द्वारा वंचितों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। ऊबर एनजीओ के दिल्ली ऑफिस को ऊनी कपड़े, बच्चों के लिए खिलौने और स्टेशनरी सामान प्रदान करने के लिए निशुल्क ऊबर राईड प्रदान कर लॉजिस्टिक्स का सहयोग देगा। इसके बाद गूंज ये सामान अपनी 'विंटर किट्स' में शामिल करेगा, जो सर्दियों में संघर्ष करने वाले वंचित परिवारों के लिए तैयार की जाती हैं। ऊबर अपने आसपास के समुदायों का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है, और दिल्ली-एनसीआर के निवासियों से इस अभियान में सहयोग करने का निवेदन करता है, जो दान करने और साझा करने की प्रक्रिया ऐप में कुछ क्लिक्स के माध्यम से बहुत आसान बना रहा है। ऊबर के अभियान के बारे में ऊबर इंडिया एवं साउथ एशिया के प्रेसिडेंट प्रभजीत सिंह ने कहा, ''हम जिन शहरों में काम करते हैं, हमेशा सहयोग करने का प्रयास करते हैं, हमने हाल ही में महामारी के दौरान वैक्सीनेशन अभियान चलाया। दिल्ली-एनसीआर में सर्दियाँ बहुत मुश्किल होती हैं, और कई लोगों के पास इस कँपकँपाती सर्दी की पीड़ा सहने के अलावा और कोई विकल्प नहीं होता है। अपने अभियान द्वारा हम उन लोगों को प्रोत्साहित करना और सहयोग देना चाहते हैं, जो वंचितों को सर्दियों से बचाव करने में मदद करना चाहते हैं।''इस साझेदारी के बारे में गूंज की फाउंडर डायरेक्टर अंशु गुप्ता ने कहा, ''कई सालों से गूंज इस बात पर रोशनी डाल रहा है कि लोगों को पर्याप्त कपड़ों के अभाव में सर्दियों में संघर्ष करना पड़ता है। हमारे अतिरिक्त पड़े कपड़ों और ऊनी कपड़ों द्वारा इस समस्या का आसानी से समाधान किया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि लोग और संगठन हर साल होने वाली लोगों की इस पीड़ा को खत्म करने के लिए गठबंधन करेंगे। चैरिटी की बजाय गूंज इन कपड़ों का उपयोग उन लोगों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए करेगा, जो अपने समुदाय के लिए काम करते हैं।

### इंडिगो ने की स्पेशल विंटर सेल की घोषणा

**कोलकाता।** भारत की अग्रणी विमानन कंपनी इंडिगो ने सभी चैनलों पर 6ई नेटवर्क पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तीन दिवसीय विशेष विंटर सेल की घोषणा की है। मीडिया बयान के अनुसार शुक्रवार यानी आज से 25 दिसंबर के बीच चलने वाली इस सेल में घरेलू उड़ानों के लिए 2,023 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,999 रुपये से शुरू होने वाले किराए की पेशकश की जाएगी। यह सेल 15 जनवरी, 2023 से 14 अप्रैल, 2023 तक की यात्रा पर वैध है। इसके अलावा, ग्राहक इंडिगो के पार्टनर बैंक एचएसबीसी से भी कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

# देश-विदेश डायरी

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के आई-10 इलाके में हुए आत्मघाती हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि 4 पुलिसकर्मी और 2 व्यक्ति घायल हो गए। यह जानकारी उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) सोहेल ने दी। सोहेल ने कहा कि ईगल स्क्वाड के सदस्यों ने एक कार को तलाशी के लिए रोका, तब आत्मघाती हमलावर ने स्वयं को विस्फोट से उड़ा लिया। डीआईजी ने कहा कि विस्फोट के समय कार में एक महिला और एक पुरुष सवार थे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने इस्लामाबाद में एक बड़ा हादसा होने से रोक लिया। विस्फोट के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आत्मघाती विस्फोट की रिपोर्ट मांगी और हमले की निंदा की। शरीफ ने मारे गए पुलिसकर्मी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ अडिग रहेगा।

## मोरक्को के गैस भंडारण केन्द्र में लगी भीषण आग

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को के मोहम्मदिया शहर में गुरुवार रात एक गैस भंडारण केन्द्र में भीषण आग लगने से कई और शक्तिशाली विस्फोट हुए। शुक्रवार सुबह आयीं मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कल रात गैस भंडारण केन्द्र में गैस रिसाव के कारण भीषण आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें अन्य भंडारण केन्द्र तक फैल गयीं जिससे कई और विस्फोट हुए और शहर में बड़े पैमाने पर आग फैल गयी। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल एवं बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के कार्य में जुट गये। जानमाल की क्षति की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

## रूस में 11 हवाई अड्डों पर लगा उड़ान प्रतिबंध दो जनवरी तक बढ़ा

**मॉस्को।** रूस के मध्यवर्ती और दक्षिणी क्षेत्रों में स्थित 11 हवाई अड्डों के लिए उड़ानों पर लगाये गये प्रतिबंध की सीमा को दो जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। रूस की विमानन की संघीय एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी की ओर से जारी बयान मे कहा गया ÷देश के मध्यवर्ती और दक्षिणी हिस्सों में स्थित 11 हवाईअड्डों के लिए उड़ान प्रतिबंध की सीमा को दो जनवरी 2023 तक बढ़ा दिया गया है। यह प्रतिबंध अनापा, बेलगोरोड, ब्रयांस्क, वोरोनेझ, गेलेनडझिक, क्रासनोडार, कुर्स्क , लिपेत्स्क, रोस्तोव-ऑन-डॉन, सिम्फेरोपोल और एलिस्ता हवाईअड्डों पर लगाया गया है। गौरतलब है कि इन हवाइअड्डों के लिए उड़ान पर प्रतिबंध यूक्रेन के खिलाफ रूसी सेनाओं की कार्रवाई 24 फरवरी, 2022 से ही लगा दिया गया था और प्रारंभ में दो मार्च तक लगाया गया था लेकिन उसके बाद से समय समय पर इस प्रतिबंधा को बढ़ाया गया है।

## फ्लोरिडा में कोविड टीकों की जांच के लिए गवर्नर की याचिका को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फ्लोरिडा सुप्रीम कोर्ट ने मेसिंगर-आरएनए (एमआरएनए) कोविड-19 टीकों के विकास और वितरण से संबंधित आपराधिक तथा गलत गतिविधियों की जांच के लिए एक भव्य जूरी गठित करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में गुरुवार को कहा,÷एक राज्यव्यापी भव्य जूरी को इम्पैनलमेंट की तारीख से चलाने के लिए तुरंत बारह महीनों की अवधि के वास्ते पूरे फ्लोरिडा राज्य में अधिकार क्षेत्र के साथ, अपराध की जांच करने, अभियोग वापस करने, प्रस्तुत करने, और अन्यथा बताए गए अपराधों के संबंध में सभी कार्यों को करने के लिए लगाया जाएगा। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉबर्ट डीसांटिस ने गत 13 दिसंबर को एक याचिका पेश की जिसमें कहा गया कि फ्लोरिडा में कोविड-19 संक्रमण, लक्षण और संचरण को रोकने के लिए लगाए गए टीके के विकास, प्रचार और वितरण से संबंधित आपराधिक या गलत गतिविधि की जांच करने के लिए एक राज्यव्यापी ग्रैंड जूरी का गठन करने के लिए सार्वजनिक हित में अच्छे और पर्याप्त कारण हैं। श्री डिसांटिस ने यह भी कहा कि यह असंभव है कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज के निदेशक डॉ. एंथोनी फौसी सहित इतने प्रभावशाली लोगों का एक ही विचार हो कि एमआरएनए टीके बिना किसी प्रोत्साहन या वित्तीय लाभ के बिना ऐसी धारणाएं बनाना की कोवड-19 रोग के प्रसार को रोक सकते हैं। आदेश के अनुसार जूरी को पांच न्यायिक सर्किट से तैयार किया जाएगा और न्यायमूर्ति रोनाल्ड फिकारोट्टा इसकी अध्यक्षता करेंगे।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के ब्रूक को 13.25 करोड़ रुपये में खरीदा

**कोच्चि।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सत्र की नीलामी में शुक्रवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को 13.25 करोड़ रुपये में खरीद लिया। ब्रूक के लिये बोली की शुरूआती जंग राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच हुई मगर बोली के पांच करोड़ रुपये तक पहुंचने पर हैदराबाद ने प्रवेश किया और 5.25 करोड़ रुपये की बोली लगायी। आरसीबी ने बोली से किनारा कर लिया मगर राजस्थान ने 10 करोड़ रुपये का बैटन उठाया, लेकिन हैदराबाद ने उसका त्वरित जवाब देते हुये 10.25 करोड़ रुपये की कीमत लगा दी और आखिरकार ब्रूक 13.25 करोड़ रूपये में हैदराबाद के हो गये। यहां दिलचस्प है कि ब्रूक का बेस प्राइज मात्र डेढ करोड़ रुपये था। ब्रूक के अलावा मयंक अग्रवाल को भी हैदराबाद में 8.25 करोड़ में चेन्नई से हथिया लिया। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को उनके बेस प्राइस दो करोड़ में गुजरात टाइटंस ने खरीदा जबकि अजिंक्य रहाणे 50 लाख रूपये में चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम के सदस्य बने। इंग्लैंड के जो रूट और दक्षिण अफ्रीका के रेली रोसौव को उनके बेस प्राइज पर भी कोई खरीददार फिलहाल नहीं मिला। आईपीएल 2023 की नीलामी में 405 खिलाड़ियों का भविष्य तय होना है। टीमों के लिए केवल 87 स्लॉट उपलब्ध हैं, जिनकी कुल राशि 183.15 करोड़ रुपये है।

## एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को प्रतिष्ठित एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। पूल डी में शामिल भारतीय टीम इंग्लैंड,स्पेन और वेल्स के साथ अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में करेगी। ऐस ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को टीम का कप्तान और अमित रोहिदास को उप-कप्तान बनाया गया है। साई सेंटर, बेंगलुरु में दो दिवसीय प्रशिक्षण के बाद रणनीतिक रूप से चुनी गई। टीम में जहां 33 खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया था। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा सामंजस्य है। कृष्ण बी पाठक और पीआर श्रीजेश अपना चौथा विश्व कप खेल रहे हैं, जिनमें तीसरा अपने घरेलू धरती पर होगा। इनको गोलकीपर के रूप में चुना गया है, जबकि भारतीय टीम की रक्षा कप्तान हरमनप्रीत सिंह करेंगे, साथ ही उप-कप्तान अमित रोहिदास, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह और नीलम संजीप एक्स उनका साथ निभायेंगे। मिडफ़ील्ड में विलक्षण प्रतिभा के धनी युवा विवेक सागर प्रसाद की वापसी होगी, जो टखने की चोट के कारण हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के साथ-साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग में खेलने से चूक गए थे। उनके साथ मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह और अनुभवी आकाशदीप सिंह शामिल होंगे। फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय और युवा अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल होंगे। चुने गए दो वैकल्पिक खिलाड़ी राजकुमार पाल और जुगराज सिंह भी शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK



# बॉलीवुड की तरफसे सभी मूवी लवर्स के लिए क्रिसमस वीक पर डबल गुड न्यूज

**बॉलीवुड** की तरफ से सभी मूवी लवर्स के लिए क्रिसमस वीक पर डबल गुड न्यूज सामने आई है। इस खुशखबरी को सुनकर हर कोई खुशी से झूम उठेगा। वैसे तो आज कल हिंदी सिनेमा में रीमेक और सीक्वल बनने का मानों चलन ही शुरु हो गया है। साउथ फिल्मों को हिंदी रीमेक बनने की खबर तो आए दिन सामने आती रहती है। ऐसे में क्रिसमस वीक पर मशहूर फिल्म प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने सभी फिल्म प्रेमियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। दरअसल, अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम स्टारर देसी बॉयज का सीक्वल बनने जा रहा है। इसी के साथ अजय देवगन की फिल्म ओमकारा के रीमेक का भी ऐलान किया गया। इन दोनों ही फिल्मों का नाम उस लिस्ट शुमार है जिन्होंने दर्शकों को काफी एंटरटेन किया था। दोनों ही फिल्में अपने टाइम की सबसे उमदा फिल्म साबित हुई थी। ऐसे में इनके रीमेक और सीक्वल की खबर फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। ये गुड न्यूज खुद फिल्म प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने अपने ट्विटर अकाउंट के जरिए फैंस के साथ साझा की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए फिल्म 'देसी बॉयज' के सीक्वल और फिल्म 'ओमकारा' का रीमेक की ऐलान किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा, देसी बॉयज के सीक्वल और ओमकारा के रीमेक का ऐलान करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। क्रेजी एंटरटेनमेंट के लिए तैयार हो जाइए।





बता दें कि आनंद पंडित ने इन दोनों फिल्मों के लिए इरोस इंटरनेशनल और पराग संघवी के साथ हाथ मिलाया है। प्रोड्यूसर का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और इस पर फैंस जमकर अपने रिएक्शन भी दे रहे हैं। पोस्ट पर फैंस अपनी खुशी जाहिर करते हुए लगातार कॉमेंट कर रहे है। मगर अभी फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर किसी तरह की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। आपको बता दें, साल 2011 में आई देसी बॉयज एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसका निर्देशन डेविड धवन के बेटे रोहित धवन ने किया था।

वहीं, ओमकारा 2006 की एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसे विशाल भारद्वाज ने विलियम शेक्सपियर के मशहूर नाटक ओथेलो से प्रभावित होकर बनाया था।

## अलाया एफ और करण मेहता की फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत का टीजर रिलीज

**बॉलीवुड** अभिनेत्री आलिया एफ और अभिनेता करण मेहता की आने वाली फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ज़ी स्टूडियोज ने अलाया एफ और करण मेहता अभिनीत फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत का टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म के जरिये निर्देशक अनुराग कश्यप ने रोमांटिक म्यूजिकल जॉनर में वापसी की है।



अनुराग कश्यप ने कहा, ऑलमोस्ट प्यार विथ डीजे मोहब्बत, मेरे दिल के बहुत करीब है और इसका ख्याल वर्षो से मेरी बेटी से हो रहे बातचीत के दौरान आया। यह कुछ अद्भुत युवा अभिनेताओं के साथ प्यार का एक सच्चा काम है, इस फिल्म में अमित त्रिवेदी का दमदार म्यूजिक है। मेरे डीपी सिल्वेस्टर और मेरे पीडी शाज़िया जैसे कुछ अद्भुत सहयोगियों की मदद ने इस फिल्म को और भी बढ़िया बना दिया है। यह मेरा उस पीढ़ी के संबंध में संबंधों की निरंतर खोज पर वापस जाना है जो वास्तव में हमें परिभाषित करता है और हमारा भविष्य है।

## सीरीज में जान फूकने वाली एक्ट्रेस आंचल सिंह ने अब सोशल मीडिया पर

ये काली काली आंखें नाम की मशहूर वेब सीरीज को आपने देखी ही होगी। पूर्वा बन इस सीरीज में जान फूंकने वाली एक्ट्रेस आंचल सिंह ने अब सोशल मीडिया पर अब अपने चाहने वालों को अपने दिल की बात बताई है। एक्ट्रेस ने एक नोट शेयर कर दिल तोड़ देने वाला खुलासा किया। उन्होंने इस इंडस्ट्री और अपने करियर पर ढेर सारी बातें की और साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी रिवील किया कि आखिर उन्हें अवार्ड्स क्यों नहीं मिल रहे हैं? दरअसल, अक्सर लोग एक्ट्रेस से उनके नए प्रोजेक्ट को लेकर सवाल करते हैं, ऐसे में उन्होंने उन सभी सवालों के जवाब दिए हैं। जिसके बाद एक्ट्रेस का ये बड़ा-सा नोट वायरल हो गया है। आंचल सिंह ने लिखा, रोज लोग मुझसे पूछते हैं कि अब मैं क्या करने वाली हूं और क्यों अपने काम के लिए नॉमिनेट नहीं हो रही। जो जानना चाहते हैं उनके लिए सच ये रहा। आंचल ने कहा, 6 महीने से मुझे किसी फिल्म या सीरीज के ऑडिशन के लिए नहीं बुलाया गया है सिवाए 2 को छोड़कर।



### देबीना बनर्जी का छलका दर्द, प्रेग्नेंसी के बाद अपनी मेंटल हेल्थ पर एक्ट्रेस ने किया बड़ा खुलासा

देबिना बनर्जी इस साल अपनी प्रेगनेंसी को लेकर सुर्खियों में बनी रही। इस साल देबिना दो बार मां बनी। सबसे पहले अप्रैल में देबिना ने बेटी लियाना को जन्म दिया और उसके बाद नवंबर में उनके घर दूसरी बेटी के कदम पड़े। बैक टू बैट प्रेंगनेंसी के बाद देबिना और गुरमीत के घर खुशी का ठिकाना तो नहीं रहा,लेकिन अब लगता है इसका असर देबिना की मेंटल हेल्थ पर पड़ने लगा है। दूसरी बेटी के जन्म के बाद देबीना और गुरमीत नए घर में शिफ्ट हो गए। घर में दोनों बच्चों को संभालते हुए देबीना मदरहुड को खूब एन्जॉय कर ही रही थी लेकिन इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी मेंटल हेल्थ पर बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि वो डिप्रेशन से जूझ रही हैं, जिस वजह से उन्हे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। देबीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी पर्सनल लाइफसे जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी अपडेट अपने फैंस के साथ शेयर करत रहती हैं।

## क्रिसमस की तैयारी में जुटी प्रीति जिंटा

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा इन दिनों किसमस की तैयारी में जुटी हुयी है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह क्रिसमस की तैयारियों में जुटी नजर आ रही हैं। वीडियो में प्रीती ने अपने घर में क्रिसमस ट्री सजाया है और वह सांता क्लॉज के गेटअप में नजर आ रही हैं। वीडियो शेयर करते हुए प्रीति ने लिखा, क्रिसमस में हमेशा कुछ खास होता है। साल का अंत, क्रिसमस ट्री सजाने का उत्साह और गिफ्ट की एक्साइटमेंट, परिवारों का एक साथ आना और बर्फ का इंतजार। यह साल बीत चुका है और नया साल शुरू होने से पहले मैं आप सभी को विश करना चाहती हूं।



## बुढ़ापे में हैल्दी रहना है तो 40 वर्ष में ही हो जाएं सतर्क

ज्यादातर लोगों को 50 की उम्र के बाद भूख कम लगने लगती है। उन्हें खाने को चबाने और निगलने में भी कठिनाई होने लगती है। शरीर में कई पुराने रोग और मानसिक परेशानियां उभर आती हैं, जिस कारण बहुत तेजी से स्वास्थ्य गिरने लगता है। इसी समय हमें बहुत सजगता से ध्यान देने की जरूरत होती है। अगर 50 के बाद आप भी इन्हीं परेशानियों से गुजर रहे हैं तो अपने खानपान पर ध्यान दें। एक बार में बहुत कुछ खाने की कोशिश न करें। दिन में कई बार छोटे छोटे मील लें, जिन्हें आसानी से पचाया जा सके। भले पहले कभी आप फल न खाते रहे हों, लेकिन अब मीठा खाना कम करें और अपने खानपान में फल शामिल करें।

हर दिन कुछ साबुत अनाज जरूर खाएं और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। इस उम्र में किसी न किसी तरीके से अपने खानपान में अदरक, लहसुन, प्याज, मेथी, बादाम, अखरोट, नारियल पानी, जीरा जैसी चीजें शामिल करें। ये शरीर को बहुत फायदा पहुंचाती हैं। 50 के बाद की उम्र में सिर्फ शारीरिक समस्याएं ही नहीं होतीं,मानसिक और भावनात्मक बदलाव भी शरीर को झेलने पड़ते हैं। इसलिए नियमित सक्रियता और पोषक तत्वों का सेवन निरंतर बहुत जरूरी होता है। क्योंकि इस उम्र में अगर आपको खाने की खुश्बू लुभाती है। कुछ चीजों के नाम लेते ही आपके मुंह में पानी आ जाता है तो समझिये आप स्वस्थ हैं, आपका शरीर बहुत अच्छी तरह से रिस्पोंस कर रहा। लेकिन अगर आपकी किसी खाने में रूचि नहीं बनती, कोई चीज आपको लुभाती नहीं है तो दिक्कत है। अगर आपके दांत सलामत हैं और भुट्टा चबा सकते हैं या भेलपुरी खाना स्वादिष्ट लगता है तो इन चीजों को जरूर खाएं।



ये चीजें जहां आपकी पाचनशक्ति को सक्रिय रखती हैं, वहीं पूरे शरीर में ऊर्जा के समुचित संचार को भी सुनिश्चित करेंगी। बहुत तला भुना और बहुत पारंपरिक मेन कोर्स खाने से बचें। गरिष्ठ भोजन भी परेशान करता है। अगर आपने 40 साल तक खाने पर बहुत ध्यान नहीं दिया, तो चलेगा। लेकिन अगर 50 के बाद आप खाने को लेकर लापरवाह हैं तो आपका लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय रहना मुश्किल हो जायेगा।

## विक्रांत सिंह राजपूत-रक्षा गुप्ता ने शुरू की फिल्म फनमौजी की शूटिंग

भोजपुरी फिल्म अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री रक्षा गुप्ता ने फनमौजी की शूटिंग शुरू कर दी है। कॉमेडी फिल्म फनमौजी का एक सेंसेशनल गाना शूट किया गया है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत और रक्षा गुप्ता के बीच एक केमिस्ट्री शानदार रही। इस गाने के शूट के दौरान की कुछ फोटोज सोशल मीडिया में वायरल रहे हैं। फिल्म फनमौजी का निर्माण डीवीए एसपी मूवीज के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह एक शानदार कॉमेडी फिल्म होने वाली है, दर्शकों को खूब गुदगुदाएगी। इस फिल्म में सभी किरदार का अहम रोल है। सभी एक दूसरे से जुड़े हैं। इस फिल्म के स्क्रिप्ट पर दो सालों से काम चल रहा है, तब जाकर आज यह फ्लोर पर आई है। वहीं, फिल्म के कथाकार और निर्देशक बालकृष्ण सिंह ने कहा कि हम फिल्म को बड़े स्तर पर शूट कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग दमन और मड के साथ गोरखपुर में भी होगी। साथ ही फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग अमेरिका में भी होगी। इस फिल्म के निर्माता सुधीर गुप्ता हैं, जो अमेरिका में ही रहते हैं।



रक्षा गुप्ता ने कहा कि फनमौजी में फाइनली मैं कॉमेडी कर रही हूं। इससे पहले मैंने एक्शन किया है। इमोशनल फिल्म की है। तो मैं इस फिल्म को लेकर खुश हूं। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म काफी फन वाली है और हम सेट पर भी फन कर रहे हैं। साथ ही आज जो गाना शूट हुआ है, वह भी बेहतरीन होने वाला है।

गौरतलब है कि फिल्म फनमौजी में कुणाल सिंह,विक्रांत सिंह,रक्षा गुप्ता,आकाश गंगवार,सुजान सिंह,रोहित सिंह मटरू, उमेश सिंह,लोटा तिवारी,आकांशा वर्मा, निशा सोनार,नम्रता सिंह,नीलम पांडेय,राखी जायसवाल,बृजेश पॉल,अरविंद तिवारी,कृपा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। संगीत आशुतोष सिंह एवं पवन मुरादपुरी का है। कैमरा संजय सिंह ने किया है। पटकथा एवं संवाद अभय यादव,गीतकार विशु,नदीम अहमद,कमल हैं। नृत्य निर्देशक दिलीप मिस्त्री है।

### अलजाइमर की दवा बनाने की दिशा में मिली एक महत्वपूर्ण कामयाबी

ब्रिटेन के अलजाइमर्स रिसर्च के एक हालिया शोध को अलजाइमर की प्रभावी दवाई बनाने की दिशा में मिली अभी तक की सबसे महत्वपूर्ण कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस शोध से दिमाग की इस लाइलाज बीमारी से लोगों को बचाने के लिए अभी तक के हुए शोधों की नाकामयाबी के बीच उम्मीद की एक किरण नजर आयी है। अभी तक इस बीमारी में दी जाने वाली दवाइ लैकानेमैब का मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य पर थोड़ा बहुत ही असर नजर आता था। इसके अलावा बीमारी के शुरूआती दौर में ही यह दवाई मरीजों के लिए कुछ फायदेमंद नजर आती है। नवीनतम शोध के बाद आयी दवाई अलजाइमर की बीमारी की चपेट में आने वाले मरीज के दिमाग में बनने वाले बीटा एमीलॉयड पर हमला करती है। अभी तक इस मामले में चिकित्सा क्षेत्र में पर्याप्त निराशा रही है और इस नयी उम्मीद की किरण को एक प्रभावीशाली टर्निंग पॉइंट के रूप में देखा जा रहा है। प्रो जॉन हार्डी ने कहा कि इस बीमारी से निपटने को एमीलॉयड को निशाना बनाये जाने का यह आइडिया 30 साल पहले के दुनिया के जाने माने शोधकर्ताओं का है। यह ऐतिहासिक और बेहद सकारात्मक शोध है, जिसे अल्जइमर्स से निपटने की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। एडिनबर्ग यूनीवर्सिटी की प्रो तारा स्पाईर्स जोंस ने कहा कि यह परिणाम बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि काफी समय से हम पूरी तरह से असफल हो रहे हैं। अभी तक अलजाइमर के मरीजों को हम केवल वे दवाइयां दे रहे हैं।

## सर्दियों में ना करें ज्यादा आराम, हो सकते हैं फ्रोजन शॉल्डर का शिकार

ठंड के कारण लोग ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी भी नहीं करते जिससे शोल्डर का पूरा मूवमेंट नहीं हो पाता। ऐसे में कंधे के जोड़ के आस.पास बनी झिल्ली सूज जाती है जिससे कंधा जकड़ जाता है। जयपुर। सर्दियों के मौसम में आमतौर पर शरीर सुस्त हो जाता है और आराम करने का मन करता है। ऐसे में सर्दियों में सेहत का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। बीमारियों का खतरा इस मौसम में बहुत अधिक रहता है। खांसी-जुकाम के अलावा हड्डी और जोड़ों में दर्द की शिकायतें भी बढ़ जाती हैं। ठंड के मौसम में फिजिकल एक्टिविटी की कमी से कंधों में जकड़न और दर्द के मामले भी बहुत बढ़ जाते हैं। डॉक्टरी भाषा में इसे फ्रोजन शोल्डर कहते हैं। कंधे को पूरा उठाने में दर्द होना, ऊंचाई से सामान न उतार पाना इत्यादि में कंधे का जकड़ जाना इसके लक्षण हो सकते हैं। डायबिटीज के मरीजों को फ्रोजन शोल्डर का खतरा अधिक रहता है।

**झिल्ली में आ जाती है सूजन**

ओर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आशीष राणा गोयल ने बताया कि सर्दियों में शरीर का तापमान कम रहता है। ठंड के कारण लोग ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी भी नहीं करते जिससे शोल्डर का पूरा मूवमेंट नहीं हो पाता। ऐसे में कंधे के जोड़ के आस.पास बनी झिल्ली सूज जाती है जिससे कंधा जकड़ जाता है। यह सर्दियों में फ्रोजन शोल्डर का मुख्य कारण है। इसके अलावा बढ़ती उम्र के साथ मांसपेशियों के फटने, कंधे में चोट लगने या बहुत ज्यादा समय तक कंधे को न उठाने से भी फ्रोजन शोल्डर हो सकता है। डॉ. गोयल ने बताया कि यह कोई बीमारी नहीं बल्कि एक स्थिति है जो हमारे फिजिकल एक्टिविटी न करने से होती है।



इसके लक्षणों में कंधे को किसी भी दिशा में पूरी तरह न ले जा पाना और दर्द होना शामिल है। इलाज के तौर पर फिजियोथेरेपी की जाती है व अत्यंत दर्द के लिए पेन किलर्स भी दी जाती है। लेकिन नियमित एक्सरसाइज और कंधे का मूवमेंट ही इसका परमानेंट इलाज होता है। जिन लोगों में शोल्डर मसल टीयर हो जाता है उनकी शोल्डर रिपेयर सर्जरी की जाती है। डायबिटीज के मरीजों को ठंड में खास खयाल रखने की जरूरत है। नियमित वॉक और एक्सरसाइज न करने से उन्हें फ्रोजन शोल्डर होने का रिस्क बाकी लोगों से ज्यादा होता है।

### उर्फी अक्सर अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस को लेकर जमकर चर्चा में

उर्फी जावेद ग्लैमर की दुनिया में किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में बने रहना बखूबी जानती है। उर्फी अक्सर अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस को लेकर जमकर चर्चा में रहती है। 'बिग बॉस ओटीटी' के पहले सीजन से अपनी पहचान बनाने वाली उर्फी अपने एक से बढ़कर एक बोल्ड आउटफिट को लेकर चर्चा में रहती है लेकिन हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो शेयर किया है जिसकी चर्चा इन दिनों जोरों पर है। दरअसल, खबरें आ रही थी कि हाल ही में उर्फी जावेद को दुबई में पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। रिपोर्ट की मानें तो, उर्फी के बोल्ड और रिवीलिंग ड्रेस पहनने की वजह से उन्हें दुबई पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, लेकिन तमाम बातों पर उर्फी जावेद ने कहा था, 'पुलिस शूटिंग रोकने के लिए सेट पर पहुंची थी, क्योंकि उस लोकेशन पर शूटिंग करना मना था। जिस जगह हम शूटिंग कर रहे थे वो एक पब्लिक प्लेस था और इस कारण से पुलिस ने उनको रोका था।'



इसके साथ ही उर्फी ने ये बात भी साफ कर दी कि उनके कपड़े की वजह से उन पर दुबई पुलिस की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया गया था, लेकिन उर्फी के इस बयान से पहले सबका तो यहीं मानना था कि उर्फी को दुबई में बेहद रिवीलिंग ड्रेस में देखकर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और अब उर्फी ने भी तमाम ट्रोलर्स को जवाब देते हुए एक वीडियो शेयर किया है।

CMYK